वर्ष : 33 | अंक : 174 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, सोमवार, 9 सितंबर 2024 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है





# दो बजे दोपहर के 'विघ्नहर्ता' की विदाई

दोपहर संवाददाता | मुंबई

प्रथम पूज्य श्री गणेश ईश्वरीय अवतार होकर बहुत अपने से लगते हैं... औपचारिकताओं से परे, सहज, सरल और मन के करीब..! महादेव के प्यारे गजानन के जितने रूप, उतनी ही उनके प्रति आस्था भाव से जुड़ी कहानियां। चमत्कारी शक्तियों और अनगिनत कथाओं के बावजूद आराधना रूप में गजानन से जुड़ा सारा मानवीय भाव-चाव अपनेपन से भरा होता है। यही वजह है कि बुद्धि और समृद्धि का आशीर्वाद देने वाले मां गौरी के दुलारे भगवान गणेश की आराधना से जुड़ा गणेश चतुर्थी का उत्सव भी देश के हर हिस्से में अलग ही उत्साह के साथ मनाया जाता है। कहीं मेहमान बनकर आए बप्पा का परिवार के सदस्य की तरह स्वागत तो कहीं पंडालों में पूजा-अर्चना की भाव भरी रौनक। जितनी धूमधाम से स्वागत, उतनी ही धूम के साथ विदाई। रविवार को दो बजे दोपहर के मुंबई स्थित फोर्ट कार्यालय में विराजमान गजानन को पूजा-अर्चना के बाद धूम-धाम से विदा किया गया। इस दौरान कई भक्त आंखों में आंसू लिए भारी मन कर अपने प्रिय गणेश जी को विदाई देने पहुंचे। जितनी खुशी बप्पा के आगमन की थी, तो रविवार को भक्तों की आंखें खुशी के साथ नम भी थीं। बावजूद इसके लोगों ने बप्पा को अगले वर्ष जल्दी आने की कामना के साथ विदाई दी। आध्यात्मिक जीवन से जुड़ा यह प्यारा पक्ष ही है कि भक्त बिदा करते हुए गजानन को अधिकार पूर्वक यह कहना नहीं भूलता 'गणपती बाप्पा मोरया, पुढच्या वर्षी लवकर या'।







**न्यूज़ ब्रीफ**

## पूनिया को वॉट्सऐप पर मिली जान से मारने की धमकी, शिकायत दर्ज

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव से ठीक पहले कांग्रेस में शामिल हुए मशहूर पहलवान बजरंग पूनिया को जान से मारने की धमकी मिल रही हैं। पूनिया ने आरोप लगाया है कि उन्हें एक विदेशी नंबर से वॉट्सऐप पर धमकियां मिल रही है। एक करीबी सूत्र के मुताबिक मैसेज करने वाले ने कहा कि कांग्रेस छोड़ दो वर्ना तुम्हारे और तुम्हारे परिवार के लिए अच्छा नहीं होगा। यह हमारी आखिरी चेतावनी है। धमकी के बाद बजरंग ने सोनीपत के बहालगढ़ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कच्छ में 12 लोगों की बुखार से मौत

**कच्छ।** गुजरात के कच्छ में रविवार को 12 साल से कम उम्र के चार बच्चों समेत 12 लोगों की अज्ञात बुखार से मौत हो गई। इस घटना पर अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती जांच में मौत की वजह निमोनिया लग रहा है। मौत की असली वजह की पुष्टि के लिए जांच की जा रही है। कच्छ कलेक्टर अमित अरोड़ा ने कहा कि इसके लिए स्वास्थ्य विभाग की 22 टीमें काम कर रही है। एच1एन1, स्वाइन फ्लू, क्रीमियन-कांगो बुखार, मलेरिया और डेंगू की संभावना को देखते हुए स्थानीय लोगों के सैंपल लिए जा रहे हैं।

## महाराष्ट्र के 8 शहरों की 'हवा' शानदार

**नई दिल्ली/मुंबई।** राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (एनसीएपी) के तहत शामिल 131 शहरों में से 95 शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार हुआ है, जिसमें महाराष्ट्र के 8 शहर भी शामिल हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि देश के जिन 21 शहरों ने पीएम 10 प्रदूषण में 40 प्रतिशत से अधिक की कमी हासिल की उनमें महाराष्ट्र का ग्रेटर मुंबई भी शामिल है। इसके अलावा अकोला के पीएम 10 के स्तर में 20-30 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई।

▸ पेज 8 भी देखें

# शिंदे सरकार देगी 50 हजार लोगों को नौकरी

## लाडली बहन के बाद अब 'योजनादूत' की भर्ती

अमित बृज | मुंबई

विधानसभा चुनावों की ओर बढ़ रहे महाराष्ट्र में महायुति सरकार की अगुवाई कर रहे सीएम एकनाथ शिंदे ने अब योजनादूत का ऐलान किया है। सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी आम लोगों तक पहुंचाने के लिए 'मुख्यमंत्री योजनादूत' उपक्रम शुरू किया गया है। सरकार ने राज्यभर में 50 हजार योजनादूत की नियुक्ति के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से आवेदन मांगे हैं। राज्य सरकार ने उम्मीद्वारों से www.mahayojanadoot.org इस वेबसाइट पर पंजीयन करने की अपील की गई है। इस योजना का क्रियान्वयन महाराष्ट्र सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क महानिदेशालय करेगी।



### क्या है पूरी योजना?

'मुख्यमंत्री योजनादूत' में प्रत्येक ग्रामपंचायत स्तर पर एक और शहरी क्षेत्र में प्रत्येक पांच हजार जनसंख्या पर एक योजनादूत की नियुक्ति होगी। इस तरह से राज्य में कुल 50 हजार योजनादूतों का छह महीने के लिए चयन किया जाएगा. इन योजनादूतों को प्रतिमाह 10 हजार रूपये मानधन दिया जाएगा। यह योजनादूत सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनता तक पहुंचाएंगे। इस योजना में शामिल होने के लिए इच्छुक उम्मीदवारों के लिए आयु सीमा 18 से 35 साल रखी गई है। शैक्षिक योग्यता किसी भी स्ट्रीम स्तानक रखी गई है।

### योजनादूत बनने के लिए शर्तें

राज्य सरकार के बयान के अनुसार उम्मीद्वार के पास महाराष्ट्र का निवास प्रमाणपत्र होना आवश्यक है। उम्मीदवार को कैलकुलेटर का ज्ञान होना चाहिए। साथ ही उसके पास नया मोबाइल (स्मार्ट फोन) होना चाहिए। इसके बाद उम्मीदवार का बैंक खाता आधार से जुड़ा होना चाहिए। राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री योजनादूत' योजना के लिए ऑनलाइन आवेदन का व्यवस्था की है। इसमें उम्मीदवारों को आधार कार्ड, स्नातक उत्तीर्ण प्रमाण हेतु दस्तावेज, प्रमाणपत्र इ., अधिवास का प्रमाण (सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी), उम्मीदवारों के पास आधार संलग्न बैंक खाते का प्रमाण, पासपोर्ट साइज फोटो, हमीपत्र (ऑनलाइन आवेदन के साथ संलग्न प्रपत्र में) नियुक्ति के समय प्रस्तुत करना आवश्यक रखा गया है। इच्छुक कैंडिडेट 13 सितंबर 2024 तक www.mahayojanadoot.org इस वेबसाइट पर पंजीकरण कर सकते हैं।

# अजित पवार ने दिए 'विधानसभा' क्षेत्र बदलने के संकेत

दीपक पवार | मुंबई



महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने बारामती से चुनाव नहीं लड़ने के संकेत दिए हैं। रविवार को बारामती शहर स्थित 'राष्ट्रवादी भवन' में कुछ नेता अजित की उपस्थिति में राकां (अजित पवार) में शामिल हुए। इस मौके पर अजित ने कहा कि बारामती को मेरे अलावा कोई और विधायक मिलना चाहिए। आगामी विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में उनका बयान सियासी गलियारे में चर्चा का विषय बन गया है। लोग ये सवाल पूछ रहे हैं कि यदि बारामती से अजित नहीं तो कौन?

### 'बारामती के लोगों को मिलना चाहिए दूसरा विधायक'

लोकसभा चुनाव में पत्नी सुनेत्रा पवार की हार से अजित पवार बेहद आहत हैं। अजित रविवार को बारामती में अपना दर्द बयां करने से खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने कहा कि यदि बारामती की जनता स्वतंत्र निर्णय ले सकती है तो मेरा भी फैसला है कि बारामती की जनता को मेरी जगह दूसरा विधायक मिलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि मुझे स्पष्ट बोलनेवाले व्यक्ति के रूप में देखा जाता है। बारामती शहर हो या गांव, हर जह विकास हुआ है। मेरे 1991 से 2024 तक के कार्यकाल की तुलना करें। बिना बोले सड़कें बनती जा रही हैं। पेयजल की योजनाएं चल रही हैं। इन पर करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं। अब बारामती शहर के अलावा भी साढ़े सात सौ करोड़ रुपए की परियोजनाएं चल रही हैं। बारामती की पहले की सड़कें भी देखी होंगी और आज की देखिए। कुछ रह गया होगा। इससे मैं सहमत हूं लेकिन उसे कैसे करना है, यह देख रहा हूं। बिना मांगे मेडिकल कॉलेज मिल गया। हम मेडिकल कॉलेज को अहिल्या देवी का नाम देने जा रहे हैं। एक आयुर्वेदिक कॉलेज बनाता है। ऐसा कहते हुए अजित ने लोगों को अपनी उपलब्धियों से अवगत कराया।

### दो रोज पहले दिया भावुक बयान

अजित ने इससे पहले शुक्रवार को गढ़चिरौली शहर में अपने मंत्री धर्मराव बाबा अत्राम की बेटी को समझाने का प्रयास करते हुए एक भावुक बयान दिया था। अत्राम के खिलाफ विधानसभा चुनाव लड़ने की कोशिश कर रही उनकी बेटी को संबोधित करते हुए अजित ने कहा कहा था कि समाज पारिवारिक विभाजन को कभी स्वीकार नहीं करता। मैंने यह महसूस किया है। मैंने अपनी गलती स्वीकार कर ली है और अब तुम ऐसी गलती मत करना।

## रामदास कदम का सनसनीखेज खुलासा

# 'राणे, शिंदे और मैं सीएम न बनूं इसके लिए उद्धव ठाकरे ने रची साजिश'

दोपहर संवाददाता | मुंबई

शिवसेना में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में हुई विभाजन के बाद शिवसेना नेता रामदास कदम ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे का साथ छोड़ दिया था। कदम मौजूदा समय में शिवसेना (शिंदे गुट) के नेता हैं और वह उद्धव ठाकरे पर हमला करने का कोई मौका छोड़ते नहीं हैं। कदम ने अब एक और सनसनीखेज दावा किया है। उन्होंने कहा कि उद्धव की महत्वकांशाओं की वजह से शिवसेना विभाजित हो गई। शिवसेना नेता रामदास कदम ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे में मुख्यमंत्री बनने का डर था इसलिए उन्होंने मुझे वह निर्वाचन क्षेत्र नहीं दिया, जहां से मैं चुनाव लड़ना चाहता था। उन्होंने मुझे दूसरा निर्वाचन क्षेत्र दे दिया। कदम इतने पर ही नहीं रुके।

### क्या कहा रामदास कदम ने?



रामदास कदम ने आरोप लगाया कि उद्धव ठाकरे ने नारायण राणे और एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री बनने से रोकने के लिए इसी तरह से साजिश रची थी। कदम ने कहा कि उद्धव को डर था कि बालासाहेब ठाकरे मुझे मुख्यमंत्री बना देंगे। इसलिए मेरे दापोली निर्वाचन क्षेत्र मांगने के बाद भी उन्होंने जानबूझकर मुझे गुहागर निर्वाचन क्षेत्र से मैदान में उतारा और मुझे हराने के लिए कुछ नेताओं को नियुक्त किया। शिवसेना नेता कदम ने यह भी दावा किया कि "उद्धव ठाकरे की राक्षसी महत्वाकांक्षाओं के कारण आज शिवसेना विभाजित हो गई है। उद्धव कुछ किए बिना ही पार्टी के मालिक बन गए। बाला साहेब के बेटे के तौर पर उद्धव ठाकरे को गद्दी मिली है।" उन्होंने कभी भी खुद पर केस नहीं लिया। उन्होंने हमेशा मराठी लोगों को बांटने का काम किया। उन्होंने हमें हटने के लिए मजबूर किया। आज वह कांग्रेस के तलवे चाट रहे हैं और हमशिवसेना प्रमुख की विचारधारा को आगे बढ़ा रहे हैं।

## रिहायशी इलाके से नौ फुट लंबा मगरमच्छ बचाया गया



**मुंबई।** मुंबई के एक रिहायशी इलाके में रविवार सुबह नौ फुट लंबा एक मगरमच्छ घुस गया, जिसे बाद में बचा लिया गया। वन्यजीव कल्याण संगठन के एक प्रतिनिधि ने यह जानकारी दी। प्रतिनिधि ने बताया कि वन विभाग के नियंत्रण कक्ष को सुबह फोन पर सूचना मिली कि मुलुंड क्षेत्र में स्थित निर्मल लाइफस्टाइल हाउसिंग सोसाइटी में एक बड़ा मगरमच्छ देखा गया है। उन्होंने बताया कि बाद में 'रेस्क्यू एसोसिएशन फॉर वाइल्डलाइफ वेलफेयर' (आरएडब्ल्यूडब्ल्यू) के सदस्यों ने वन अधिकारियों के साथ मिलकर एक बचाव अभियान चलाया। आरएडब्ल्यूडब्ल्यू के संस्थापक और वन विभाग के मानद वन्यजीव वार्डन पवन शर्मा ने बताया कि रिहायशी इलाके में घुसे मगरमच्छ को सुबह करीब साढ़े छह बजे बचा लिया गया। उन्होंने बताया कि मेडिकल जांच के बाद मगरमच्छ को उसके प्राकृतिक आवास में छोड़ दिया गया।

**अपराध** | विजिलेंस टीम का अधिकारी बताकर की ठगी

# मनी लॉन्ड्रिंग के नाम पर सात करोड़ का चूना

मुनीब चौरसिया | मुंबई/नासिक

मुंबई में घर विकास के लिए देने के बहाने, नासिक में किराए पर रहने वाले 80 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति को साइबर ठगों ने मनी लॉन्ड्रिंग की धमकी देकर 7 करोड़ रुपए की ठगी कर ली। इस बीच शिकायत दर्ज होने पर नासिक साइबर पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण कर 7 करोड़ रुपए में से 3 करोड़ रुपए को होल्ड कर दिया है। न्यायालय के आदेश से इस बुजुर्ग व्यक्ति को धोखाधड़ी में गए 3 करोड़ रुपए वापस मिलेंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी यह है कि मुंबई के खार इलाके में 80 वर्षीय बुजुर्ग अपने बेटे के साथ रहते हैं। उनकी बेटी अमेरिका में रहती है और बुजुर्ग ने कुछ दिनों पहले खार में अपनी दुकान बेची थी। इसके बाद आए करोड़ों रुपए उन्होंने विभिन्न बैंकों के सेविंग और करंट खातों में जमा किए थे। इस बीच 24 अगस्त से 4 सितंबर के दौरान संदिग्ध साइबर ठगों ने उन्हें अचानक 8808812271, 918022942572 इन मोबाइल नंबरों से सीआईडी के नकली स्काईपी अकाउंट से संपर्क किया। ठगों ने कहा कि हम विजिलेंस टीम के गुप्त शाखा के पुलिस अधिकारी हैं। इसी समय संदिग्धों ने बुजुर्ग का आधार कार्ड कहीं से प्राप्त किया और उस पर आधार नंबर बताया कि आपके वित्तीय लेन-देन संदिग्ध पाए गए हैं। इस आधार कार्ड के साथ विभिन्न बैंक खातों से आप मनी लॉन्ड्रिंग कर रहे हैं।

### ईडी और सीबीआई के फर्जी दस्तावेज दिखाकर डराया



ठगों ने मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में सीआईडी, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और सीबीआई आपके खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। इसके अलावा आपको गिरफ्तार करने की प्रक्रिया शुरू है ऐसा कहकर, बुजुर्ग का विश्वास हासिल करने के लिए ईडी, सीबीआई के सही मुहर, लोगो वाले दस्तावेज़, गिरफ्तारी वारंट दिखाया गया। इसके कारण बुजुर्ग डर गए। उन्होंने डरी हुई स्थिति में नकली पुलिस अधिकारी जो कह रहे थे, वैसे करना शुरू कर दिया। इसके अनुसार संदिग्ध साइबर ठगों ने बुजुर्ग को विभिन्न 4 बैंक खातों में अलग-अलग रकम जमा करने के लिए मजबूर किया। इसमें बुजुर्ग ने कुल 6 करोड़ 80 लाख रुपए संदिग्धों के बैंक खातों में ट्रांसफर किए। उपरोक्त मोबाइल नंबर से बोल रहे संदिग्धों ने 80 वर्षीय बुजुर्ग के आधार कार्ड का दुरुपयोग किया। विभिन्न 4 से 5 बैंकों में उनके नाम से खाते खोले गए। इन्हीं खातों से संदिग्धों ने वित्तीय लेन-देन किया। इन लेन-देन के दस्तावेज़, ट्रांजेक्शन और अन्य बातों के नकली सबूत बुजुर्ग को दिखाए गए। आप मनी लॉन्ड्रिंग अर्थात ब्लैक मनी को व्हाइट मनी बना रहे हैं। आपके खिलाफ बीएनएस धाराओं के साथ आयकर अधिनियम, पीएमएलए कानून के तहत कार्रवाई करने की धमकी दी गई।

# एक्टर विजय की पार्टी को चुनाव आयोग ने दी मान्यता

## 2 फरवरी को तमिझगा वेत्री कड़गम पार्टी बनाई थी; अब लड़ सकते हैं चुनाव

एजेंसी | चेन्नई



चुनाव आयोग ने रविवार को एक्टर विजय थलापति की पार्टी तमिझगा वेत्री कड़गम (TVK) को राजनीतिक पार्टी के रूप में आधिकारिक मान्यता दी है। इसके साथ ही पार्टी को चुनाव लड़ने की परमिशन भी मिल गई है। एक्टर विजय ने तमिलनाडु और पुडुचेरी के लिए 2 फरवरी को पार्टी की स्थापना की थी। इसके बाद 22 अगस्त को उन्होंने पार्टी का फ्लैग और सिम्बल लॉन्च किया था। पार्टी को मान्यता मिलने के बाद उन्होंने कहा कि पार्टी की जल्द ही अपनी पहली जनसभा करेगी। विजय ऐलान कर चुके हैं कि राजनीति में आने के बाद वे फूल टाइम सिर्फ लोगों की सेवा करेंगे। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल 2025 को रिलीज होने वाली 'थलापति 69' मेरी आखिरी फिल्म होगी।

### अपने माता-पिता के खिलाफ कर चुके हैं केस

थलापति अपने पेरेंट्स समेत 11 लोगों के खिलाफ अपने नाम का गलत तरीके से इस्तेमाल करने पर शिकायत दर्ज करवा चुके हैं। दरअसल, विजय राजनीति से दूर रहना पसंद करते हैं, हालांकि उनके पिता एस. ए. चंद्रशेखर ने उनके नाम पर राजनीतिक पार्टी ऑल इंडिया थलापति विजय मक्कल इयक्कम बना ली। इस पार्टी के जनरल सेक्रेटरी भी विजय के पिता ही हैं। जब विजय को पता चला कि उनके नाम का इस्तेमाल कर लोगों को पार्टी से जोड़ा जा रहा है तो उन्होंने पेरेंट्स समेत 11 अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया। बता दें कि पार्टी के कार्यालय में विजय का एक विशाल स्टेच्यू भी बनाया गया था।

# राष्ट्रवादी कांग्रेस प्रदेश सरचिटणीस सहित 5 लोगों पर मारपीट का मामला दर्ज

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

विधानसभा चुनाव से पहले उल्हासनगर में राजनीतिक हलचल होने शुरू हो गई है.राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के प्रदेश सरचिटणीस भरत राजवानी और कालानी परिवार के बीच एक मामूली विवाद ने राजनीतिक माहौल को गरमा दिया है। कालानी परिवार के सदस्यों द्वारा अजित पवार गुट के पांच सदस्यों के खिलाफ मारपीट के तहत मामला दर्ज कराया गया है।



### मामूली विवाद पर बवाल

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, उल्हासनगर के मधुबन चौक रोड, गोलमैदान परिसर में शनिवार रात 12:45 बजे कृष बजाज की गाड़ी खराब हो गई और उसी दौरान पूरब राजवानी अपनी गाड़ी से आये और कृष को गाड़ी हटाने को कहा, तो गाड़ी खराब होने के कारण कृष इसे हटा नहीं सके। इस मामूली सी बात ने दोनों के बीच गरमा-गरमी पैदा कर दी, जो जल्द ही हिंसक विवाद में बदल गई। भरत (गंगोत्री) राजवानी समेत पांच से सात लोगों ने कृष बजाज पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

### मामला दर्ज, जांच जारी

घटना के बाद उल्हासनगर पुलिस ने पूरब राजवानी, भरत राजवानी, रोहित गमलाड़, साहिल पवार और अनिल धामेजानी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच सहायक पुलिस उपनिरीक्षक प्रकाश गीते कर रहे हैं। इस मामले में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजित पवार गुट) के प्रदेश सरचिटणीस भरत राजवानी ने कहा कि कृष बजाज कालानी परिवार का रिस्तेदार है। यह एक सुयोजित षड्यंत्र है। हम इसे लेकर डीसीपी साहब से मुलाकात कर हम पर दाखिल गुन्हा को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग करेगें।

### उल्हासनगर में राजनीतिक तनाव बढ़ने की संभावना

जल्द की विधानसभा चुनाव की घोषणा होने वाली है और भरत राजवानी ने 141 विधानसभा से अपनी उम्मीदवारी को लेकर बिगुल बजा दिया है। इससे मुकाबला कड़ा हो गया है। चर्चा है कि यह विवाद भविष्य में चुनावी रंजिश के रूप में सामने आ सकता है और इससे उल्हासनगर का राजनीतिक वातावरण और भी अधिक तनावपूर्ण हो सकता है। कालानी परिवार और अजित पवार गुट के बीच पहले से ही राजनीतिक तनाव रहा है, और इस घटना ने आग में घी का काम किया है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले हुई इस घटना से दोनों गुटों के बीच मतभेद और बढ़ सकते हैं, जिसका असर चुनावी समीकरणों पर भी पड़ सकता है। अब इस मामले में पुलिस का क्या रुख रहता है वह आनेवाला समय बताएगा।

## कंपनी की दीवार में छेद कर डेढ़ लाख का कॉपर चोरी

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी तालुका के दापोड़ा रोड स्थित ए.एन. इंडस्ट्री कंपनी में देर रात अज्ञात चोरों ने कंपनी की दीवार में छेद कर करीब डेढ़ लाख का कॉपर चोरी कर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार की शाम 7 बजे से शनिवार की सुबह 7 बजे के दरमियान कुछ अज्ञात चोरों ने दापोडा रोड स्थित इंडियन कॉपेरेशन बिल्डिंग में ए.एन. इंडस्ट्री कंपनी का पत्रा तोड़ कर और दीवार में छेद कर कंपनी में प्रवेश किया और कंपनी में रखा 1 लाख 50 हजार रूपये कीमत का कोपर का पट्टा, वायर, कोपर की रॉड चोरी कर फरार हो गए है। इस प्रकरण में नारपोली पुलिस ने ठाणे निवासी विकास अशोक माहेश्वरी की शिकायत पर अज्ञात चोरों के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (अ), 331(3), 331(4) के तहत मामला दर्ज कर पुलिस अज्ञात चोरों की तलाश में जुट गई है। मामले की कार्रवाई पुलिस हवलदार चव्हाण कर रहे है।

## यूपीएससी अभ्यर्थी ने इमारत की आठवीं मंजिल से कूदकर दी जान

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

ठाणे शहर में सिविल सेवा के एक अभ्यर्थी ने एक इमारत की आठवीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक घटना शनिवार रात लगभग साढ़े आठ बजे वर्तक नगर इलाके में हुई। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। वर्तक नगर पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस को व्यक्ति के घर से एक 'सुसाइड नोट' मिला, जिसमें उसने अपने परिवार के सदस्यों से माफी मांगते हुए कहा था कि वह सभी लोगों की उम्मीदों को पूरा नहीं कर सका और इस दुनिया में जीवित रहना अब उसके लिए मुश्किल हो रहा है। अधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थी



के दोस्तों के अनुसार वह संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाने के कारण अवसाद में था, और इसलिए उसने यह कदम उठाया। उन्होंने बताया कि व्यक्ति ने एक आवासीय परिसर की आठवीं मंजिल पर स्थित अपने घर से छलांग लगाई और जमीन पर गिर गया। उन्होंने बताया कि उसे पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### सुसाइड नोट मिला

उन्होंने बताया कि पुलिस को उसके घर से एक 'सुसाइड नोट' मिला जिसमें उसने लिखा था, "मेरे लिए इस दुनिया में जीवित रहना मुश्किल है, मैं अपने माता-पिता, भाइयों और सभी से माफी चाहता हूं। मैं उनकी बहुत बड़ी उम्मीदों को पूरा नहीं कर सका, मैं उनसे बहुत प्यार करता था और मेरी मौत के लिए कोई भी जिम्मेदार नहीं है।"

## कोर्ट ने हत्या के एक मामले में चार आरोपियों को किया बरी



**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

ठाणे जिले की एक अदालत ने 2014 में 29 वर्षीय शख्स की हत्या मामले के चार आरोपियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि अपराध से उनका संबंध स्थापित करने के पर्याप्त सबूत नहीं हैं। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश डीएस देशमुख द्वारा बरी किए गए आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) और 201 ( सबूत मिटाने) के तहत मामला दर्ज था।

### 2014 में हुई थी हत्या

अभियोजन ने आरोप लगाया था कि गणेश उर्फ गन्या सुखदेव अभंग की हत्या में गणेश उर्फ गन्या निवृत्ति रखपासरे (50), उसका भाई मंगेश (42), सहदेव उर्फ साज्या विट्ठल लोंडे (34) और बादल सदाशिव बोडके (38) शामिल थे। अभियोजन के मुताबिक, चार अप्रैल 2014 के तड़के शराब को लेकर हुए झगड़े के बाद आरोपियों ने पीड़ित पर हमला किया था। बचाव पक्ष के वकील सुधाकर पारद ने दलील दी कि सबूत अपर्याप्त हैं और उन्होंने जांच में विसंगतियों को उजागर किया।

## छात्रों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए नगर निगम ने नियंत्रण कक्ष की शुरुआत की

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

ठाणे जिले में मीरा भयंदर नगर निगम (एमबीएमसी) ने छात्रों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए 'केंद्रीय विद्यालय नियंत्रण कक्ष' की शुरुआत की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इस नियंत्रण कक्ष के माध्यम से नगर निगम के स्कूलों में सीसीटीवी फुटेज की निगरानी की जाएगी। यह कदम पिछले महीने जिले में बदलापुर क्षेत्र में एक स्कूल के शौचालय में एक व्यक्ति द्वारा चार वर्षीय दो बच्चियों के साथ कथित तौर पर यौन उत्पीड़न के मामले के बाद उठाया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पांच सितंबर को 'वीडियो कॉन्फ्रेंस' के जरिए एमबीएमसी के 'केंद्रीय विद्यालय नियंत्रण कक्ष' का उद्घाटन किया।

## दो दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे अबू धाबी के क्राउन प्रिंस



**दोपहर संवाददाता | मुंबई**

अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन जायद अल नाहयान दो दिवसीय भारत दौरे पर दिल्ली पहुंच गए हैं। क्राउन प्रिंस के रूप में अल नाहयान का यह पहला आधिकारिक भारत दौरा है। नई दिल्ली पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने उनकी अगवानी की और उनका औपचारिक स्वागत किया गया।इस यात्रा के दौरान अल नाहयान के साथ वहां के कई मंत्री और एक व्यापार मंडल भी आया है। इससे पहले, शनिवार को विदेश मंत्रालय (एमईए) ने उनके भारत दौरे के पूरे कार्यक्रम की जानकारी दी थी। एमईए के मुताबिक, क्राउन

### मुंबई के बिजनेस फोरम में होंगे शामिल


प्रिंस नौ सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे और द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा करेंगे। इसके अलावा, वे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मिलेंगे और राजघाट पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देंगे।

विज्ञापन इसके बाद 10 सितंबर को अल नाहयान मुंबई का दौरा करेंगे और एक बिजनेस फोरम में शामिल होंगे। जिसमें दोनों देशों के व्यापारिक नेता भाग लेंगे। मंत्रालय ने बताया कि भारत और अबू धाबी के बीच ऐतिहासिक रूप से करीब और मित्रवत संबंध रहे हैं। हाल के वर्षों में कई क्षेत्रों में भारत और यूएई के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी गहरी हुई है। जिनमें व्यापार, निवेश, राजनीतिक, संपर्क, उर्जा, तकनीक, शिक्षा और संस्कृति शामिल हैं।

### पीएम मोदी ने भी किया था अबू धाबी का दौरा

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने इस साल फरवरी में अबू धाबी का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने अबू धाबी के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की थी। उन्होंने आठ समझौतों पर हस्ताक्षर किए थे। इस दौरान भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा (आईएमईसी) के लिए एक अंतर-सरकारी ढांचा बनाने पर सहमति जताई थी। उन्होंने अबू धाबी में पहले हिंदू मंदिर का भी उद्टान किया था और अहलान मोदी कार्यक्रम में भारतीय समुदाय को संबोधित किया था। तभी उन्होंने क्राउन प्रिंस को भारत का दौरा करने का निमंत्रण भी दिया था।

## छह साल की बच्ची से छेड़छाड़ करने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार



**दोपहर संवाददाता | अंबरनाथ**

महाराष्ट्र के ठाणे जिले के अंबरनाथ में छह साल की बच्ची से छेड़छाड़ करने के आरोप में 23 वर्षीय व्यक्ति को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि स्थानीय लोगों ने आरोपी की पिटाई की और फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता और यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

## चलते फिरते विसर्जन व्यवस्था का उद्घाटन

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

ठाणे मनपणे की ओर से मनपा क्षेत्र के अंतर्गत इस बार 6 फिरते गणेश मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था किया है। यह मनपा आयुक्त सौरभ राव के संकल्पना से यह व्यवस्था किया गया है। इसका उद्घाटन आज मनपा मुख्यालय के प्रांगण में आयुक्त राव के हाथों से किया गया। ट्रक पर टंकी की व्यवस्था है यह शहर के अलग अलग क्षेत्रों में फिरता रहेगा।



### चलते फिरते विसर्जन की व्यवस्था

मूर्ति विसर्जन के लिए कृतिम तालाब, टाकी व्यवस्था के साथ ही इस बार चलते फिरते विसर्जन की व्यवस्था चार प्रभाग समिति में किया गया है। शहर के सभी गणेश भक्तों को इस सुविधा का लाभ लेने के लिए मनपा आयुक्त राव ने उद्घाटन के समय कहा इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, उपायुक्त (मुख्यालय) जी. जी. गोदेपूरे, उपायुक्त मीनल पालांडे, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान,स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राणी शिंदे आदि उपस्थित थे ।मनपा आयुक्त राव के निर्देशानुसार मनपा क्षेत्र के अंतर्गत बांधकाम विभाग, पर्यावरण विभाग व घनकचरा विभाग ने विसर्जन व्यवस्था का नियोजन किया है ।जिसमें 9 विसर्जन घाट,15 कृतिम तालाब,10 मूर्ति स्वीकृति केंद्र व 49 जगह टाकी विसर्जन व्यवस्था व 6 फिरते विसर्जन व्यवस्था का समावेश है।

## व्यक्ति की हत्या के आरोप में तीन गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता | पालघर**

पालघर जिले में 58 वर्षीय एक व्यक्ति की हत्या के आरोप में पुलिस ने एक दंपति और उनके परिवार के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मृतक की पहचान गजानन गणपत दवने के रूप में



हुई है। उन्होंने कहा कि आरोपियों ने दवने को शुक्रवार शाम कथित तौर पर लाठी-डंडों से बुरी तरह से पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई।

### दोनों पक्षों में हुआ था झगड़ा

घोलवड पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि मृतक और आरोपियों के परिवार के बीच तलासरी इलाके में उनके घर के पास एक संपर्क मार्ग को लेकर लंबे समय से विवाद है, जिसे लेकर शुक्रवार को दोनों पक्षों में एक बार फिर झगड़ा हुआ। अधिकारी के मुताबिक, आरोपियों ने दवने की कथित तौर पर पिटाई की, जिससे उसे गंभीर चोटें आईं। उन्होंने बताया कि दवने के बेटे ने उसे उमरगांव के एक अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। अधिकारी के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक के बेटे की शिकायत पर पुलिस ने शनिवार को उसके पड़ोस में रहने वाले एक व्यक्ति, उसकी पत्नी और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## गोदाम से डेढ़ लाख की तांबे की सामग्री चोरी

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी शहर और ग्रामीण भाग में बढ़ रही चोरी की घटनाओं से लोगों की नींद हराम हो गई है, वहीं भिवंडी पुलिस चोरों को पकड़ने में असफल दिखाई पड़ रही है। भिवंडी तालुका के दापोडा के एक गोदाम में सेंध लगाकर डेढ़ लाख कीमत के तांबे के प्लेट की चोरी की घटना हुई है। इंडियन कार्पोरेशन के गोदाम परिसर में अज्ञात चोर ने गोदाम कंपनी की छत का पतरा तोड़कर, दीवार में छेद कर तांबे की पट्टी, तार, रॉड समेत डेढ़ लाख का माल चोरी कर लिया।

## श्री वाल्मिकी यंग मैन एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने मोहन कंडारे

**दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर के पूर्व नगरसेवक और मजदुर नेता मोहन कंडारे को वाल्मिकी समाज में प्रतिष्ठित संस्था अखिल भारतीय श्री वाल्मिकी यंग मैन एसोसिएशन का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया। रविवार दोपहर उल्हासनगर-3 के टाउन हॉल में वाल्मिकी यंग मैन राष्ट्रीय कार्यकारिणी की आमसभा का आयोजन किया गया। चुनाव अधिकारी प्रदीप कुमार विनोद की उपस्थिति में संस्था के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न हुआ। इसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी



के माध्यम से जगदीश प्रसाद को राष्ट्रीय महासचिव एवं सुरेश इतवारी राठी को समन्वयक घोषित किया गया। सभा के अध्यक्ष पुन्नूलाल वाल्मिकीजी ने चुने हुए नए प्रतिनिधियों का स्वागत किया।

## मनपा आयुक्त सौरभ राव ने किया मनपा मुख्यालय पर विघ्नहर्ता की पूजा अर्चना

**दोपहर संवाददाता | ठाणे**

मनपा मुख्यालय पर सालों से भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना मनपा कर्मचारियों की ओर से किया जाता है। वहीं भगवान श्री गणेश की पूजा अर्चना मनपा आयुक्त सौरभ राव ने पत्नी प्रियांका राव के साथ किया। भगवान गणेश की कृपा सभी लोगों पर सदैव बना रहे और मनपा का कीर्ती व वृद्धि होने के लिए प्रार्थना किया।मनपा कर्मचारी गणेशोत्सव मंडल का यह 42 वां साल है। इस अवसर पर अतिरिक्त आयुक्त 2 प्रशांत रोडे, उपायुक्त (मुख्यालय) जी. जी. गोदेपुरे,



उपायुक्त मीनल पालांडे, परिवहन व्यवस्थापक भालचंद्र बेहरे, मुख्य पर्यावरण अधिकारी मनीषा प्रधान,स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राणी शिंदे,मनपा जनसंपर्क अधिकारी रवींद्र मांजरेकर, मंडल सचिव पी. एच. पाटील, कार्यवाहक आर. के. पाटील आदि उपस्थित थे।

## आंदोलन करने निकले 25 लोगों पर केस दर्ज

### रामगिरी महाराज व नितेश राणे के विरोध में बिना परमिशन कर रहे थे प्रदर्शन

### ठाणे पुलिस आयुक्तालय द्वारा दिए गए आदेश का उल्लंघन

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

भिवंडी के शांतिनगर पुलिस ने शुक्रवार के रोज रामगिरी महाराज एवं नितेश राणे के विरोध में बिना प्रमिशन सड़क पर प्रदर्शन करने निकले 9 नामजद सहित करीब 20 से 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।




पुलिस के अनुसार, शुक्रवार की दोपहर 3 बजे से 4 बजे के दरमियान शांतिनगर इलाके स्थित बिलाल नगर से गैबी नगर औलिया मस्जिद रोड पर हाथों में प्ले कार्ड लिए रामगिरी महाराज तथा नितेश राणे को गिरफ्तार करने का नारा लगाते हुए एक भीड़ इकट्ठा होकर सड़क पर आंदोलन कर रही थी। इस मामले में ठाणे पुलिस आयुक्तालय द्वारा दिए गए आदेश का उलंघन करने के खिलाफ आंदोलनकर्ताओं पर केस दर्ज किया गया है। शांतिनगर पुलिस स्टेशन के हवलदार मुरलीधर पांडुरंग डगले की शिकायत पर पुलिस ने बिलाल नगर निवासी 1) मो, मोहम्मद, अफजल अंसारी, 2) मो, आसिफ मो, मलंग शेख 3) इरफार समशेर हुसैन अंसारी, 4) मो, अली मलंग शेख, 5) साबिर मतीन शेख, 6) सैफ अंसारी, 7) फरदीन खान, 8) रिजवान फरीदी, 9) एहतेशाम सहित 20 से 25 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 189(2), 223 व महाराष्ट्र पोलीस एक्ट की कलम 37(3), 135 के रहता मामला दर्ज कर लिया है। इसकी जांच पुलिस निरीक्षक सर्जेराव पाटील कर रहे है।

## 'एकता के राजा' का दर्शन समारोह का शानदार शुभारंभ

### धामनकर नाका मित्र मंडल ने बनाया इस्कॉन चंद्रोदय मंदिर की अद्भुत प्रतिकृति

**दोपहर संवाददाता | भिवंडी**

पावरलूम औद्योगिक नगरी भिवंडी जैसे संवेदनशील शहर में सांप्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता की भावना को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत संतोष शेट्टी के नेतृत्व में धामनकर नाका मित्र मंडल द्वारा मनाए जाने वाले सार्वजनिक गणेशोत्सव में इस वर्ष 36वें वर्ष में 120 फीट ऊंचे पश्चिम बंगाल के मायापुरी में इस्कॉन चंद्रोदय मंदिर में पर्यावरण की दृष्टि से पूरक दृश्य निर्मित हुआ है। यहां भव्य कार्यक्रम का आयोजन कर गणेश श्रृंगार एवं गणेश बप्पा दर्शन समारोह की शुरुआत जिले के वरिष्ठ नेता आरसी पाटिल और भाजपा विधायक महेश चौघुले के शुभ हाथों नारियल फोड़ कर किया गया। इस अवसर पर सहायक पुलिस आयुक्त दीपक देशमुख, सचिन सांगले, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक अजय आफले, महादेव कुम्हार, भरत कामत, विनायक गायकवाड़ और अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### गणेश भक्तों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 20 सीसीटीवी



पश्चिम बंगाल के मायापुरी में स्थित इस्कॉन चंद्रोदय मंदिर भिवंडी के एयरकंडीशन धामनकर नाका मित्र मंडल के अध्यक्ष संतोष शेट्टी के प्रयास से हुबहू बनाया गया है। इस मंदिर की ऊंचाई 110 फीट है। यह स्वरूप पर्यावरण-अनुकूल मंदिर को तरह कपड़े, बांस, लकड़ी और रस्सी का उपयोग करके बनाया गया है। इसमें हजारों बांस और हजारों मीटर कपड़े का इस्तेमाल कर उड़ीसा के कलाकारों ने करीब डेढ़ महीने की कड़ी मेहनत कर इस आदर्श मंदिर का दृश्य तैयार किया है। इस क्षेत्र में गणेश भक्तों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 20 सीसीटीवी लगाए गए हैं। संतोष शेट्टी के नेतृत्व में बोर्ड के प्रमुख पदाधिकारी हसमुख पटेल, दिलीप पोद्दार, मोहन बल्लेवार, गणेशोत्सव को खूबसूरत बनाने के लिए राजेश शेट्टी, तरु जाधव, संतोष जामपाल समेत सभी धर्मों और सभी भाषाओं के 450 कार्यकर्ता कड़ी मेहनत कर रहे हैं। इस दौरान वार्डली के धामनकर नाका क्षेत्र में सुरक्षा के लिए लगाए गए 20 सीसी टीवी प्रसारण का उद्घाटन सहायक पुलिस आयुक्त दीपक देशमुख ने किया। इस गणेशोत्सव अवधि के दौरान, गणेशोत्सव धार्मिक परंपराओं का पालन करते हुए, सामाजिक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम स्मृति विशाल चित्रकला प्रतियोगिता, रक्तदान शिविर, नेत्र उपचार और मोतिया बिंदु सर्जरी, शहर में गणेशोत्सव मंडलों को प्रोत्साहित करने के लिए स्वाभिमान गणेश दर्शन प्रतियोगिता, घरेलू गणेश सजावट प्रतियोगिता, महिलाओं को मुफ्त सिलाई मशीनों का वितरण शामिल है।



जिला सिविल अस्पताल में भगवान गणेश की मूर्ति की पूजा अर्चना जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलाश पवार, डॉ. अर्चना पवार ने किया। साथ में अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित थे।

दो बजे
# दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**अनमोल विचार** ऐसा कुछ नहीं है, जिसे आप नहीं कर सकते : अक्षय कुमार

## भाजपा विधायक को जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार



**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी के विधायक महेश लांडगे को जान से मारने की धमकी करने वाले आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित उदय कुमार राय पुणे के मोर्शी इलाके का रहने वाला है। इस मामले की गहन छानबीन भोसरी एमआईडीसी पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है। पुलिस के अनुसार महेश लांडगे भोसरी विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा भाजपा विधायक हैं। पिंपरी चिंचवड़ पुलिस के कंट्रोल रूम में शनिवार देर रात एक युवक ने फोन कर कहा कि उसे महेश भोसरे की हत्या की सुपारी मिली है। इस फोन काल के बाद पुलिस ने तत्काल इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी। इसके बाद फोन काल की छानबीन करने के बाद पुलिस ने आरोपित को मोर्शी इलाके से गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की गहन छानबीन जारी है।

### हिट एंड रन का मामला

## तेज रफ्तार कार ने 2 को मारी टक्कर, एक की मौत

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के मुलुंड में हिट एंड रन का मामला सामने आया है। एक तेज रफ्तार कार ने 2 लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में एक शख्स की मौत हो गई। एक की हालत गंभीर बनी हुई है। नवघर पुलिस ने अज्ञात शख्स के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि रविवार तड़के



दो गणेश भक्तों को तेज रफ्तार कार ने टक्कर मारी है। घटना सुबह 4:00 बजे की है।

### बैनर-पोस्टर लगा रहे थे युवक

स्थानीय लोगों ने बताया कि मुलुंड चा राजा गणपति मंडल के दो कार्यकर्ता सुबह के वक्त बैनर पोस्टर लगाने का काम कर रहे थे। उसी वक्त एक तेज रफ्तार कार ने दोनों युवक को टक्कर मार दी है।

### कार चालक की तलाश में जुटी पुलिस


पुलिस अभी कार चालक की तलाश कर रही है। इस घटना में प्रीतम थोरात की मौत हो गई है। प्रसाद पाटील गंभीर रूप से घायल है। उसको नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## '100 बार जन्म लेकर भी शरद पवार की चाल नहीं समझ पाएंगे'

▶▶ सीएम फेस को लेकर फडणवीस पर बरसे राउत

दोपहर संवाददाता | मुंबई

शिवसेना नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर निशाना साधा है। फडणवीस की आलोचना करते हुए राउत ने कहा कि अगर फडणवीस 100 बार जन्म भी ले लें तो भी वह यह नहीं समझ पाएंगे कि एनसीपी (एसपी) सुप्रीमो शरद पवार के दिमाग में क्या चल रहा है।



### सीएम फेस को लेकर साधा निशाना

राउत की यह टिप्पणी फडणवीस के उस दावे पर आई है जिसमें उन्होंने कहा था कि शरद पवार ने राज्य विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री पद के लिए तीन से चार नामों को चुना था, लेकिन उनमें से उद्धव ठाकरे का नाम नहीं था।

### 'शरद की योजना नहीं समझे फडणवीस'

शिवसेना (यूबीटी) नेता राउत ने कहा कि क्या 2019 में फडणवीस को पता था कि शरद पवार क्या सोच रहे थे और क्या योजना बना रहे थे? भले ही वह 100 बार पैदा हो जाएं, लेकिन फडणवीस यह नहीं समझ पाएंगे कि शरद पवार के दिमाग में क्या चल रहा है। अगर राज्य में सत्तारूढ़ दल में कोई हिम्मत बची है, तो उन्हें चुनाव का आह्वान करना चाहिए।

### भाजपा ने कई पार्टियों के खिलाफ रची शाजिश

राउत ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने हाल ही में राजनीतिक दलों और यहां तक कि इन दलों का नेतृत्व करने वाले परिवारों के बीच विभाजन की साजिश रची। यह आरोप महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के हालिया बयान के मद्देनजर आया है जिसमें उन्होंने कहा था कि समाज उन लोगों को माफ नहीं करता है जो अपने परिवार को तोड़ते हैं। अजित पवार ने गढ़चिरौली में एक रैली के दौरान परिवार तोड़ने वाली बात कही थी।

### शिंदे और अजित पवार को फंसाया गया

संजय राउत ने आगे कहा कि महाराष्ट्र में राजनीतिक दलों और परिवारों को किसने तोड़ा? मोदी और शाह ने राजनीतिक दलों और यहां तक कि परिवारों में भी विभाजन की साजिश रची। एकनाथ शिंदे और अजित पवार इसके शिकार हुए। राउत ने कहा कि दोनों को स्वीकार करना चाहिए कि उन्हें धमकाया गया, दबाव डाला गया या अपनी पार्टियों से अलग होने के लिए लालच दिया गया।

## कांग्रेस नेता नसीम खान ने सीएम एकनाथ शिंदे को लिखी चिट्ठी



दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र कांग्रेस के नेता नसीम खान ने 'ईद-ए-मिलाद' की छुट्टी को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। उन्होंने सीएम को लिखी चिट्ठी में 'ईद-ए-मिलाद' की छुट्टी 16 सितंबर के बदले 18 सितंबर को करने की मांग की है। नसीम खान ने पत्र में लिखा कि कल 'ऑल इंडिया खिलाफत कमेटी' की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में ये निर्णय लिया गया कि पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के अवसर पर जो जुलूस निकाला जाता है वो 16 सितंबर के बदले 18 सितंबर को निकाला जाएगा।

### 'ईद-ए-मिलाद' की छुट्टी को लेकर CM शिंदे को पत्र

कांग्रेस नेता ने इसके पीछे तर्क देते हुए कहा, "ऐसा इसलिए क्योंकि 17 सितंबर को गणेश विसर्जन है। ऐसे में दोनों समुदाय का त्योहार अच्छे से हो। आपसी सौहार्द बना रहे हैं। त्यौहार की पवित्रता बनी रहे और हिंदू-मुस्लिम भाईचारा बरकरार रहे। इसीलिए छुट्टी 16 सितंबर के बदले 18 सितंबर के दिन कर दीजिए।"

## रिश्वत के लिए बिजनेसमैन को पूरी रात बंधक बनाने का आरोप

▶▶ सीजीएसटी अफसर समेत तीन गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता | मुंबई

सीबीआई ने मिली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए सीजीएसटी मुंबई वेस्ट कमिश्नरेट के एक सुपरिटेंडेंट और एक सीए समेत तीन आरोपियों पर कार्रवाई की है। उन्हें कथित रूप से 20 लाख रुपये की रिश्वत मांगने और लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने बताया कि इस मामले में पीड़ित बिजनेसमैन को सांताक्रूज स्थित सीजीएसटी ऑफिस में 4 सितंबर की पूरी रात रोका गया था। उन्हें रिहा करने की एवज में कथित रूप से 80 लाख रुपये की रिश्वत मांगी गई थी। जो की बाद में 60 लाख रुपये में तय हुई।

### सीबीआई का एक्शन, तीन गिरफ्तार




सीबीआई ने बताया कि इस मामले में कथित रूप से रिश्वत की रकम में से 30 लाख रुपये की राशि हवाला के जरिए पहले भुगतान की गई। फिर 20 लाख रुपये नकद रिश्वत के रूप में लिए गए। जिसकी शिकायत सीबीआई से की गई। सीबीआई ने एक्शन लेते हुए मौके से तीन आरोपी दबोच लिए। सीबीआई ने बताया कि इस मामले में शिकायत मिलने पर सीबीआई ने 5 सितंबर को मुंबई सीजीएसटी के छह अधिकारियों समेत आठ लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था।

### इन पर दर्ज हुई एफआईआर

सीबीआई ने बताया कि जिन आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इनमें सीजीएसटी कमिनश्नरेट मुंबई वेस्ट के अडिश्नल कमिश्नर दीपक कुमार शर्मा, सुपरिटेंडेंट सचिन गोकुलका, सुपरिटेंडेंट बिजेंद्र जनावा, सुपरिटेंडेंट निखिल अग्रवाल, सुपरिटेंडेंट नितिन कुमार गुप्ता, जाइंट कमिश्नर राहुल कुमार और चार्टर्ड अकाउंटेंट राज अग्रवाल समेत निजी शख्स अभिषेक मेहता शामिल हैं।

### क्या है पूरा मामला

सीबीआई ने बताया कि आरोप है कि गोरेगांव (वेस्ट) मुंबई इलाके में रहने वाला पीड़ित बिजनेसमैन जब 4 सितंबर की शाम को सीजीएसटी ऑफिस सांताक्रूज गए। वहां उन्हें पूरी रात कार्यालय में एक तरह से बंधक बनाकर रखा गया। करीब 18 घंटे बाद अगले दिन सुबह 5 सितंबर को उन्हें रिहा किया गया। आरोप है कि इस दौरान पीड़ित शिकायतकर्ता से एक आरोपी सुपरिटेंडेंट (रिश्वत लेने वाले) ने उन्हें गिरफ्तार ना करने के लिए कथित रूप से 80 लाख रुपये की रिश्वत की मांग की। जिसे बाद में घटाकर 60 लाख रुपये कर दिया गया।

### सीजीएसटी सुपरिटेंडेंट समेत 3 के खिलाफ शिकायत

आगे यह भी आरोप है कि उक्त सुपरिटेंडेंट के तीन अन्य सहयोगियों (सभी सीजीएसटी के सुपरिटेंडेंट) ने भी शिकायतकर्ता पर दबाव डालने में उसका साथ दिया। इसमें पीड़ित के खिलाफ रातभर बार-बार बल प्रयोग किया गया और उन्हें गालियां भी दी गईं। कथित तौर पर शिकायतकर्ता को सीजीएसटी अधिकारियों की ओर से उन्हें गिरफ्तार ना करने और सीजीएसटी की जारी जांच में उनका पक्ष लेने के लिए अनुचित लाभ की मांग के बारे में बताने के लिए कथित तौर पर बंधक बनाए रखने के दौरान पीड़ित को उनके चचेरे भाई को फोन करने के लिए मजबूर किया गया।

### बिजनेसमैन को बंधक बनाने के बाद कैसे डील बढ़ी आगे

आरोप है कि शिकायतकर्ता के चचेरे भाई ने बाद में एक आरोपी सीए से संपर्क किया। जिसने आगे सीजीएसटी के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य लोगों से संपर्क किया। आरोपी सीए और अन्य आरोपी निजी व्यक्ति दोनों मध्यरात्रि के दौरान सीजीएसटी कार्यालय गए। जहां सीजीएसटी अधिकारियों के साथ कथित रूप से रिश्वत के लेनदेन पर बातचीत हुई। आरोप है कि शुरूआत में उन्हें छोड़ने की एवज में 80 लाख रुपये मांगे गए। जो बाद में 60 लाख रुपये में लॉक किए गए। यह रकम आरोपी सीए के माध्यम से सीजीएसटी अधिकारियों तक पहुंचाई जानी थी। परस्पर बातचीत में तय की गई 60 लाख रुपए की रिश्वत में से 30 लाख रुपए कथित तौर पर शिकायतकर्ता के चचेरे भाई ने एक आंगड़िया के माध्यम से ट्रांसफर कर दिए थे। इसके बाद ही शिकायतकर्ता को अगले दिन सीजीएसटी कार्यालय से रिहा करने की अनुमति दी गई थी।

### सीबीआई ने जाल बिछा ऐसे पकड़ा

सीबीआई ने मिली इस गंभीर शिकायत पर एक्शन लेते हुए जाल बिछाया। जिसमें आरोपी सीए को सीजीएसटी अधिकारियों की ओर से रिश्वत की शेष राशि में से 20 लाख रुपए स्वीकार करने के दौरान रंगे हाथों पकड़ लिया गया। इसके बाद रिश्वत राशि नियंत्रित रूप से देने (Controlled Bribe) की प्रक्रिया में अन्य आरोपी निजी व्यक्ति तक पहुंचा दी गई। जिसे आगे आरोपी अधीक्षक सीजीएसटी (रिश्वत स्वीकारने वाला) के माध्यम से सीजीएसटी अधिकारियों को रिश्वत पहुंचानी थी।

### दो को सीबीआई रिमांड और एक न्यायिक हिरासत में

आगे की ट्रैप कार्यवाही के दौरान आरोपी अधीक्षक सीजीएसटी (रिश्वत स्वीकारने वाला) ने दूसरे आरोपी निजी व्यक्ति को रिश्वत स्वीकारने के लिए ओशिवारा पुलिस स्टेशन मुंबई के पास मिलने हेतु बुलाया। इसके बाद उक्त आरोपी अधीक्षक सीजीएसटी को भी सीबीआई टीम ने पकड़ लिया। सीबीआई ने ट्रैप कार्यवाही के दौरान रिश्वत लेते हुए उक्त तीनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। उन्हें सीबीआई मामलों की विशेष अदालत मुंबई के समक्ष पेश किया गया। अदालत ने गिरफ्तार सुपरिटेंडेंट सीजीएसटी और सीए को 10 सितंबर तक रिमांड पर दे दिया और गिरफ्तार निजी व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजा गया। सीबीआई ने मुंबई और इसके आसपास के क्षेत्रों में स्थित आरोपी व्यक्तियों के ऑफिस, घर और अन्य ठिकानों समेत नौ स्थानों पर छापेमारी की। यहां से सीबीआई को कई अहम दस्तावेज बरामद हुए।

## 'सोने के चम्मच के साथ जन्मे लोग क्या जाने 1500 रुपए का महत्व'

▶▶ सीएम एकनाथ शिंदे का विपक्ष पर प्रहार

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को एक बार फिर अपना सवाल दोहराते हुए कहा कि सोने का चम्मच मुंह में लेकर जन्म लेने वाले लोग 1500 रुपए का महत्व कैसे समझ सकते हैं? शांतीब्रह्म ह.भ.प. मारोती महाराज कुरेकर बाबा के 93 वें अभिष्टचिंतन समारोह में सीएम शिंदे ने विपक्षी गठबंधन महाविकास आघाड़ी के नेताओं, खासकर शिवसेना (उद्धव गुट) के नेता व विधायक आदित्य ठाकरे पर हमला बोलते हुए कहा कि हमारी सरकार ने अब तक लगभग 600 निर्णय लिए हैं, लेकिन इनमें से ज्यादातर निर्णय 'मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहिण' (लाडली बहन), योजना के नीचे दब गए हैं। मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि हमने लाडली बहन योजना शुरू की। कोई योजना ऐसे ही शुरू नहीं कर सकते हैं। इसमें बहुत मेहनत लगती है। कुछ लोग योजना की आलोचना कर रहे हैं। सवाल पूछ रहे हैं कि 1500 रुपए में खरीद रहे हो क्या? क्या आप रिश्वत ले रहे हो? लेकिन मैं एक सामान्य परिवार का लड़का हूं। मैंने अपनी मां को अभाव में गुजारा करते देखा है।

### मारोती महाराज कुरेकर शांतिब्रह्म पुरस्कार से सम्मानित



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मारोती महाराज कुरेकर को शांतिब्रह्म पुरस्कार से सम्मानित किया और बोले कि महाराष्ट्र संतों की भूमि है। कुरेकर बाबा और ढोक महाराज को बधाई। देर से आने के लिए खेद है। आज का कार्यक्रम जीवन में सर्वाधिक खुशी देनेवाला समय है। संत की भक्ति से बढ़कर सौभाग्य क्या है। संत का अधिष्ठान राजनीतिक अधिष्ठान से भी बड़ा है। धर्मवीर आनंद दिघे हर हरिनाम सप्ताह में जाते थे।

### 2 साल में क्या किया?

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमने बीते कई वर्षों से बंद पड़े प्रोजेक्ट शुरू किए। किसानों के लिए 1 रुपये में फसल बीमा जैसी कई योजनाएं लाएं। 2 साल में मैं और क्या करूंगा। मुझे समय देंगे कि नहीं? एकनाथ शिंदे झूठ नहीं बोलते। बाला साहेब ठाकरे कहते थे कि किसी को वचन देने से पहले सौ बार विचार करें। इसलिए हम अपना वादा निभाते हैं। लाडली बहन योजना के लिए अगले एक वर्ष तक का प्रावधान किया है। यह भेंट नियमित रूप से मिलेगी। सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि यदि कोई मेरे पास काम लेकर आता ही है तो फीस लिए बगैर उसका काम करता हूं। मेरी इतनी ही अपेक्षा है कि मेरे पास आया व्यक्ति खाली हाथ न जाए। शपथ विधि के दौरान मैं और देवेंद्र फडणवीस साथ थे यह भी इतिहास है। ऐसा इतिहास रचने के लिए साहस की जरूरत होती है।

## महाराष्ट्र में बदली ईद-ए-मिलाद के जुलूस की तारीख

▶▶ AIMIM ने की शराबबंदी की मांग

दोपहर संवाददाता | मुंबई



एआईएमआईएम के नेता वारिस पठान ने महाराष्ट्र सरकार से ईद मिलाद-उन-नबी के अवसर पर एक दिन की शराबबंदी की मांग की है। वारिस पठान ने उलेमाओं और राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के बाद यह मांग की है। उन्होंने साथ ही कहा कि पूरे महाराष्ट्र में अब जुलूस 18 सितंबर को निकाला जाएगा क्योंकि 17 सितंबर को गणपति विसर्जन है। वारिस पठान ने 'एक्स' पर लिखा कि खिलाफत कमिटी द्वारा आयोजित ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के जुलूस के संबंध में मीटिंग रखी गई उसमें उल्लेमा ए इक्रम और सभी राजनीतिक पार्टियों के नेताओं की मौजूदगी में ये फ़ैसला लिया गया कि गणेश विसर्जन भी 17 सितंबर को है और मिलाद भी 17 को तो अब ईद-ए-मिलाद का जुलूस 18 तारीख तारीक को निकाला जाएगा। हमारी सरकार से मांग है कि 17 तारीख को छुट्टी घोषित करे और मुस्लमानों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए एक दिन की शराबबंदी घोषित करे।

### विसर्जन के कारण बदली जुलूस की तारीख

वीडियो संदेश जारी कर वारिस पठान ने कहा कि बैठक में राजनीतिक पार्टियों के मुस्लिम प्रतिनिधियों को बुलाया गया था। हमें भी बुलाया गया था। हम भी गए थे। 17 सितंबर को गणेश विसर्जन है और उस दिन हिंदू भाई धूमधाम से विसर्जन के लिए निकलते हैं। इसलिए हमने फैसला किया है कि हम ईद-ए-मिलाद के जुलूस को पोस्टपोन कर रहे हैं। अब जुलूस 18 सितंबर को निकाला जाएगा।

### एक दिन छुट्टी करे सरकार: वारिस पठान


वारिस पठान ने कहा कि पूरे महाराष्ट्र में 18 सितंबर को जुलूस निकाला जाएगा। यह उलेमाओं का फैसला है और उनका फैसला सिरआंखों पर है। हमारी मांग है कि सरकार एक दिन की छुट्टी घोषित करे और मुसलमानों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए एक दिन की शराबबंदी लागू करे। ये सबका साथ और सबका विकास की बात करती है तो मुसलमानों की भावनाओं को ध्यान रखना चाहिए।

## सड़कों पर कचरा फेंकने वालों पर लगेगा जुर्माना

### बीएमसी करवा सकती है सार्वजनिक स्थानों की सफाई

दोपहर संवाददाता | मुंबई

बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) हमेशा से ही लोगों से अपील करती आ रही है कि सड़कों को गंदा ना करें। साथ ही सार्वजनिक जगहों पर कचरा ना फेंके। बीएमसी के नियंत्रण प्रयास के बाद भी कुछ लोग नहीं सुधर रहे हैं। जहां लोग सार्वजनिक जगह पर पान खा कर थूकना, सिगरेट फेंकना आम बना दिया है। ऐसे लोगों को सुधारने के लिए बीएमसी मुंबई के दादर में कचरा फेंकने और थूकने पर वालों पर जुर्माना लगाते हुए नजर आई।



### गंदगी करने पर लगेगा 200 का जुर्माना

मुंबई के दादर (पूर्व) में बीएमसी पिछले कई दिनों से पहरा लगा रही है। दुकान के सामने या सड़क पर किसी भी प्रकार गंदगी फैलाते नजर आ रहे लोगो से 200 रुपए का जुर्माना भरवा रही है।

### बीएमसी के कर्मचारी ने दी जानकारी

वहीं, बीएमसी के कर्मचारी सांताराम खेड़ेकर ने Local 18 से बात करते हुए बताया कि यह पहल 2016 से चल रही है। हालांकि लॉकडाउन के दौरान 2 साल के लिए कोरोना के कारण इसे बंद कर दिया गया था। अब वापस से इसे शुरू कर दिया गया है। सार्वजनिक जगहों पर गंदगी करने पर 200 रुपए का जुर्माना भरना पड़ेगा। इसके लिए लगातार लोगों पर कार्रवाई की जा रही है।

### इन जगहों पर हो रही है कार्रवाई

सिर्फ दादर (पूर्व) में ही नहीं बल्कि दादर (पश्चिम), बांद्रा और मुंबई सेंट्रल जैसी और भी जगहों पर बीएमसी के कर्मचारी ऐसे ही कार्रवाई कर रहे हैं। जहां कदम के साथ सड़क और आस पास की जगहों पर सफाई कायम रखने का प्रयास कर रहे है। कई लोग अपनी गलती मान कर जुर्माना भर देते है और जो अपनी गलती नहीं मानते उन्हें यह सड़क या दुकान पर लगे कैमरे चेक करवा कर उनसे जुर्माना भरवाया जाता है। बता दें कि बीएमसी द्वारा उठाए गए इस कदम के कारण पहले के मुकाबले लोगों में काफी ज्यादा बदला देखने मिल रहा है। इसका गवाह कुछ इलाकों की सड़कें हैं। जहां बीएमसी पहले पहरा दे चुकी है।

## संपादकीय

# घुटती सांसें

यूं तो प्रदूषण का संकट देशव्यापी है। लेकिन जब दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी है, तो स्वाभाविक है कि राष्ट्रीय राजधानी के तीन तरफ स्थित हरियाणा में उसका प्रभाव होगा ही। जिसके मूल में तंत्र की काहिली और नागरिकों की उदासीनता निहित है। बहरहाल, एक हालिया रिपोर्ट हरियाणावासियों की चिंता बढ़ाने वाली है कि देश के सौ सर्वाधिक प्रदूषित शहरों में 15 हरियाणा के हैं। जिसमें सबसे ज्यादा खराब स्थिति फरीदाबाद की है। इस साल की पहली छमाही में प्रदूषण के मुख्य कारक पीएम 2.5 के आधार पर हवा की गुणवत्ता का निर्धारण किया गया है। उल्लेखनीय है कि भारत के राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक के अनुसार हवा में पीएम 2.5 और पीएम 10 के वार्षिक स्तर की सुरक्षित सीमा क्रमशः चालीस माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर और साठ माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर होनी चाहिए। हालांकि, ये मानक विश्व स्वास्थ्य संगठन के दिशानिर्देशों के अनुसार निर्धारित मानकों से कहीं ज्यादा हैं। यह गंभीर स्थिति है कि फरीदाबाद में पीएम 2.5 का स्तर 103 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रहा है। जबकि हरियाणा के तीन शहर पलवल, अंबाला और मांडीखेड़ा राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानक के अनुरूप संतोषजनक स्थिति में कहे जा सकते हैं। वहीं गुरुग्राम में पीएम 10 की सांद्रता सबसे अधिक 227 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर रही, जो एक गंभीर स्थिति को दर्शाती है। विडंबना यह है कि मौजूदा समय में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम केवल फरीदाबाद में ही चलाया जा रहा है। यह हमारी जीवन शैली से उपजे प्रदूषण की देन भी है। दरअसल, हरियाणा के बड़े शहर आबादी के बोझ से त्रस्त हैं। बढ़ती आबादी के लिये रोजगार बढ़ाने व अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए जो औद्योगिक इकाइयां लगायी गई, उनकी भी प्रदूषण बढ़ाने में भूमिका रही है। डीजल-पेट्रोल के निजी वाहनों को बढ़ता काफिला, निर्माण कार्यों में लापरवाही, कचरे का निस्तारण न होना और जीवाश्म ईंधन ने प्रदूषण बढ़ाया है। दरअसल, हमारे नीति-नियंता प्रदूषण कम करने के लिये नागरिकों को जागरूक करने में भी विफल रहे हैं। हमारी सुख-सुविधा की ललक ने भी वायु प्रदूषण बढ़ाया है। अब चाहे गाहे-बगाहे होने वाली आतिशबाजी हो, प्रतिबंध के बावजूद पराली जलाना हो, या फिर सार्वजनिक परिवहन सेवा से परहेज हो, तमाम कारण प्रदूषण बढ़ाने वाले हैं। कल्पना कीजिए बच्चों और दमा,एलर्जी व अन्य सांस के रोगों से जूझने वाले लोगों पर इस प्रदूषण का कितना घातक असर होगा? यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की हालिया रिपोर्ट फिक्र बढ़ाती है जिसमें कहा गया कि वायु प्रदूषण के चलते भारत में जीवन प्रत्याशा में गिरावट आ रही है। जिसमें फेफड़ों को नुकसान पहुंचाने वाले पी.एम. 2.5 कण की बड़ी भूमिका है। रिपोर्ट बताती है कि वैश्विक मानकों से कहीं अधिक प्रदूषण भारत में लोगों की औसत आयु पांच साल कम कर रहा है। बहरहाल प्रदूषण के खिलाफ योजनाबद्ध ढंग से मुहिम छेड़ने की भी जरूरत है। अध्ययन कहता है कि देश की एक अरब से अधिक आबादी ऐसी जगहों पर रहती है जहां प्रदूषण डब्ल्यूएचओ के मानकों से कहीं अधिक है। भारत के सबसे कम प्रदूषित शहर भी डब्ल्यूएचओ के निर्धारित मानकों से सात गुना अधिक प्रदूषित हैं। दीवाली के बाद जब दिल्ली गहरे प्रदूषण के आगोश में होती है तो कोर्ट से लेकर सरकार तक अति सक्रियता दर्शाते हैं। लेकिन थोड़ी स्थिति सामान्य होने पर परिणाम वही 'ढाक के तीन पात'। कभी पेट्रोल-डीजल के नये मानक तय होते हैं तो कभी जीवाश्म ईंधन पर रोक लगती है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने वर्ष 2019 में प्रदूषण कम करने को राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम देश के सौ से अधिक शहरों में शुरू किया था। चार साल बाद पता चला कि किसी भी शहर ने अपने लक्ष्य को पूरा नहीं किया।

# जलवायु परिवर्तन में भूमिका की अनदेखी

जलवायु परिवर्तन के लिए जितने भी ज्ञात और चर्चित कारण हैं, उनमें अब नाइट्रोजन भी एक नया नाम बन गया है। ऐसा लगता है कि लंबे समय तक इस पर वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं ने ध्यान नहीं दिया। सिंथेटिक उर्वरकों के उपयोग, अपशिष्ट जल के निर्वहन और जीवाश्म ईंधन के दहन से बढ़ता नाइट्रोजन का प्रभाव एक बड़ा खतरा है। यह भूमि, जल और वायु को प्रदूषित कर जलवायु परिवर्तन को बढ़ावा देता है और ओजोन परत को भी नुकसान पहुंचाता है।



दरअसल, इस सच्चाई तक पहुंचने में साक्ष्य, प्रमाण और वास्तविकताओं से तालमेल बिठाने में लंबा समय लगा। अब खेती-किसानी से लेकर पशुपालन में इसके भरपूर उपयोग को जलवायु परिवर्तन का उतना ही दोषी माना जा रहा है जितना मानव जनित कॉर्बन डाइऑक्साइड और मीथेन को। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम यानी यूएनईपी प्रतिक्रियाशील नाइट्रोजन के बारे में हालिया प्रकाशित फ्रंटियर्स रिपोर्ट बेहद चौंकाती है। साल 2018-2019 में तमाम अध्ययनों के बाद जारी चेतावनी में नाइट्रोजन प्रदूषक को खतरनाक बताया गया। लेकिन वैज्ञानिक अब भी किसी नतीजे पर नहीं पहुंच पा रहे हैं। यह ऐसा मिश्रण बनकर सामने आया जो स्वास्थ्य, जलवायु तथा पारिस्थितिक तंत्र यानी ईको सिस्टम के लिए खतरनाक साबित हुआ। इससे जल-वायु दोनों की गुणवत्ता के साथ ग्रीन हाउस गैस संतुलन भी बेहद प्रभावित हुआ। इसने पारिस्थितिक तंत्र और जैव विविधता को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया। नाइट्रिक ऑक्साइड और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड के अलावा खेतों से उत्सर्जित अमोनिया भी इकोसिस्टम में पहुंच, दूसरी रासायनिक क्रियाओं के मेल से अम्लीय वर्षा तक के लिए जिम्मेदार दिखा। एयरकंडीशनर और फ्रिज में भरी जाने वाली गैस हाइड्रोफ्लोरोकार्बन्स यानी एचएफसी गैसें भी नाइट्रोजन ट्राइफ्लोराइड यानी 'एफ श्रेणी की बेहद खतरनाक गैसों' में हैं जो पर्यावरण के लिए कितनी खतरनाक हैं, सर्वविदित है। वैज्ञानिकों ने पर्यावरणीय आंकड़ों के विश्लेषण के बाद जारी हालिया शोध पत्र में कहा कि नाइट्रस ऑक्साइड के उत्सर्जन में हुई भारी वृद्धि खेती-किसानी और पशुपालन गतिविधियों के चलते हुई। लेकिन उतना ही सच यह भी है कि अज्ञानतावश ही इसे रोकने या कम करने कोशिशें नहीं हुईं। जिस तेजी से सिंथेटिक उर्वरकों और पशुपालन में नाइट्रस ऑक्साइड का उपयोग बढ़ा, दबे पांव उतना ही इसने वायुमण्डल को जबरदस्त नुकसान पहुंचाया। स्टैनफोर्ड के वैज्ञानिक शोधों से सामने आया कि नाइट्रस ऑक्साइड इतना शक्तिशाली है कि एक पाउंड गैस 114 साल तक एक पाउंड कार्बन की तुलना में वातावरण को लगभग 300 गुना अधिक गर्म करती है। कहीं बेकाबू से बढ़ते तापमान के पीछे यही तो नहीं? वायुमंडल में इतने लंबे समय तक उपस्थिति और इसकी घातकता को समझ पाने में देरी तो हुई। नाइट्रस ऑक्साइड निश्चित रूप से समताप मंडल की ओजोन परत को नष्ट करने के साथ पृथ्वी को अधिक सौर विकिरण के संपर्क में लाकर नुकसान पहुंचाता है। जिससे फसल, मानव व अन्य जीव-जन्तुओं के स्वास्थ्य को गंभीर चुनौती पहुंचती है। इसके उत्सर्जन का लगभग 60 प्रतिशत प्राकृतिक तो 40 प्रतिशत मानवीय गतिविधियों से होता है।

**ऋतुपर्ण दवे**

वैज्ञानिक अध्ययनों से इतना तो साफ हो गया है कि सन् 2020 के पहले के चार दशकों में ही इस गैस का उत्सर्जन 40 फीसदी बढ़ चुका था और दुनिया बेखबर थी! अब स्थिति यह हो गई कि दो साल पहले यानी 2022 तक वातावरण में नाइट्रस ऑक्साइड की मात्रा उस स्थिति पर पहुंच गई, जो कथित औद्योगिक क्रांति के पहले के स्तर से 25 प्रतिशत ज्यादा है। अत्यधिक चिंता यह कि दुनिया में ऐसी तकनीक भी नहीं जिससे वातावरण से इसे हटाया या समाप्त किया जा सके। साल 1980 से 2020 के बीच नाइट्रस ऑक्साइड उत्सर्जन में 67 प्रतिशत की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज हुई। इसका कारण नाइट्रोजन आधारित खाद और जानवरों से निकलने वाले अपशिष्ट रहे। इसका खुलासा 58 अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों के अध्ययन पर आधारित रिपोर्ट 'ग्लोबल नाइट्रस ऑक्साइड बजट' में भी है।

अब जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान की चर्चाओं में नाइट्रोजन प्रदूषक भी अहम है। वायुमण्डल में इसकी मात्रा कहां, क्यों और कैसे बढ़ रही है यह विश्वव्यापी चिंता है। लेकिन जब चर्चा होगी तभी समाधान निकलेगा। एक वैश्विक रिपोर्ट बताती है कि साल 2011 से 2020 के दस साल में मानवीय गतिविधियों से निकली नाइट्रस ऑक्साइड कुल उत्सर्जन का तीन चौथाई थी। वहीं इसके बाद जीवाश्म ईंधन, कूड़ा, गंदा पानी और बायोमास जलाने जैसे स्रोत भी अथाह वृद्धि के कारण हैं। जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र का अंतर-सरकारी पैनल यानी आईपीसीसी का अनुमान है कि कुल ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन का 6.4 फीसदी नाइट्रस ऑक्साइड है जो आने वाले सालों में और बढ़ेगा। यदि इस शताब्दी के अंत तक पृथ्वी के तापमान को औसतन 2 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा बढ़ने से रोकना है तो 2050 तक इस गैस के उत्सर्जन में 20 फीसदी की गिरावट करनी ही होगी। विडंबना देखिए नाइट्रस ऑक्साइड को सामान्यतः हंसी की गैस के रूप में जानते हैं। यह उत्साह की भावना पैदा करने वाली गैस कहलाती है। किसने सोचा था कि यह इतनी घातक भी होगी? बहरहाल, देर आयद दुरुस्त आयद की तर्ज पर तुरंत ही सक्रिय होना होगा।

## सहज योग

# विशुद्धि चक्र की पहचान



मनुष्य की शुरुआत ही इस चक्र से हुई है समझ लीजिए। पूरी तरह से। इस चक्र में श्रीकृष्ण बिराजते हैं और राधा जी उनकी शक्ति है। रा धा, रा माने शक्ति, धा माने जिसने धारणा की। कृष्ण का मतलब होता है कृषि करने वाला। इन्होंने कृषि की है।

जहां पर हमारा कंठ होता है, इसके बराबर पीछे में ये चक्र होता है। अब इसके लिए आप वास्तव में नहीं कह सकते हैं कि ये यहीं होता है। क्योंकि ये बड़ी ही सूक्ष्म चीज़ है। थोड़ा ऊंचे, नीचे होता ही है। जैसे जैसे जैसे मनुष्य की प्रकृती होती है और जैसे जैसे उसका फॉर्म होता है, वैसे ही उसकी चक्र की भी स्थितियां उस तरह से थोड़ी बहुत आगे-पीछे होती हैं। कभी कभी एक इंच का भी फर्क होता है। इसलिए आप ये नहीं कह सकते कि ये बराबर उस जगह ही होगा। थोड़ा सा मैंने देखा है, किसी का ऊपर होता है, किसी का नीचे होता है। किसी का और भी नीचे होता है। बहरहाल ये कंठ जहां पर है, इस कंठ के पीछे में यहां पर, यहां हमारा विशुद्धि चक्र है। ये चक्र बहुत ही महत्त्वपूर्ण है मानव के लिए। जानवरों में ये चक्र इतना बढ़ा हुआ नहीं है। ना ही इतना वो प्रगल्भ है। मनुष्य की शुरुआत ही इस चक्र से हुई है समझ लीजिए। पूरी तरह से। इस चक्र में श्रीकृष्ण बिराजते हैं और राधा जी उनकी शक्ति है। रा धा, रा माने शक्ति, धा माने जिसने धारणा की। कृष्ण का मतलब होता है कृषि करने वाला। इन्होंने कृषि की है। आप सब की कृषि इन्होंने की है। आप के अन्दर इन्होंने बीज भरे। उन्होंने पहले आपके अन्दर बीज भरा, कि उस आनन्द को जानिए। परमात्मा को जानिए, परम तत्त्व को जानिए। इसका बीज उन्होंने भरा है, इसलिए उनको कृष्ण कहते हैं। ये चक्र मनुष्य में तब घटित हुआ, जब उन्होंने अपनी गर्दन पूरी तरह से उठा ली। आप जानते हैं कि जानवर की गर्दन नीचे होती है। उसके बाद कुछ ऐसे जानवर हैं, जिनको की हम कह सकते हैं, चिंपाझी, बंदर की लंगूर वगैरा जो जाति है, उस में भी थोड़ी बहुत गर्दन ऊपर आ जाती है। लेकिन मनुष्य की गर्दन जो बिल्कुल सीधी हो गई है, ऐसे किसी भी प्राणिमात्र की नहीं। ये गर्दन सीधी होने के वजह से ही मनुष्य की स्वतंत्रता स्थापित हो गई।वो किस प्रकार में आप से बताती हूं। ये विशुद्धि चक्र से ही हमारे दो इगो और सुपर इगो नाम के बलून तैयार हो जाते हैं। आप जानते हैं कि जानवर की आकृति ऐसे आती है, ऐसी जाती है, फिर नीचे चली जाती है। जो भी चेतना उनके अन्दर आती है, वो फिर से पृथ्वी की ओर झुक जाती है। लेकिन मनुष्य ने ये जो ऐसी गर्दन ऊपर उठा ली, और उसने अपने अंदर जिम्मेदारियां महसूस करनी शुरू दी, तब वो जब कोई भी कार्य करता है, तो उसमें उसका इगो बढ़ता है। अब इगो शब्द, अहंकार से लोग बहत घबराते हैं। अहंकार मेरा मतलब नहीं है, अहं भाव। इसमें दोनों में बड़ा अंतर है। अहं भाव सब में होता ही है। होना आवश्यक है। हर इंसान में अहंभाव न हो, तो वो जानवर हो जाए। प्रति अहं भाव भी हमारे अन्दर उठता है और लेफ्ट साइड से आ के यहां पर, फॉन्टनेल बोन होता है, वहां तक आ जाता है और अहंकार का भाव भी लेफ्ट साइड से उठ के इधर आता है। आप देखिए, चढ़ते वक्त तो राइट का लेफ्ट जाता है और लेफ्ट का राइट जाता है।

प्रस्तुति : धीरज सिंह


## जीवन ऊर्जा

अक्षय कुमार : जन्म 9 सितंबर 1967 — जन्म

अक्षय कुमार का असली नाम राजीव हरिओम भाटिया है। उनका जन्म 9 सितंबर 1967 में हुआ है। वे एक भारतीय अभिनेता और फिल्म निर्माता हैं, जो हिंदी सिनेमा में काम करते हैं। अक्षय के पास कनाडा की नागरिकता है। 30 से अधिक वर्षों के अभिनय में कुमार ने लगभग 100 फिल्मों में काम किया है और कई पुरस्कार जीते हैं। इसमें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और दो फिल्मफेयर पुरस्कार शामिल हैं।

# ऐसा कुछ नहीं है, जिसे आप नहीं कर सकते

ऐसी भूमि से हूं, जहां लोग गलतियां करते हैं और फिर से प्रयास करते हैं, कड़ी मेहनत करते हैं, जहां नकारात्मकता एक विकल्प नहीं है। जब आप सुपर-असफलता को चखने के बाद सुपर-सफलता का स्वाद लेते हैं, तो वहां बड़ी राहत होती है। मैं सफलता का भूखा नहीं हूं। मैं सिर्फ अच्छे काम का भूखा हूं और ज्यादातर सुपरस्टार्स के साथ ऐसा ही होता है। काम, काम है, लेकिन परिवार जीवन के लिए है। यही वास्तव में मेरे लिए मायने रखता है। कुछ ना कुछ करो, ऐसा कुछ नहीं है, जिसे आप नहीं कर सकते। आप जिससे प्यार करते हैं, उसके बारे में बुरा बोलना, इससे बुरी बात और कोई नहीं हो सकती हैं। स्टारडम एक



पेंसिल की तरह होता हैं, इसे जितना प्रयोग करोगे, उतना ही छोटा होता जाएगा। मैं हर दिन खुद से कहता हूं कि मैं जहां हूं वहां पहुंच कर कितना भाग्यशाली हूं। ठीक से प्रशिक्षण लें, क्योंकि मजबूत दिखना और मजबूत होना, दो अलग-अलग चीजें हैं। यौवन एक जीवन शैली है, यह भगवान का आशीर्वाद नहीं है। मेरा रहस्य एक अच्छी जीवनशैली है। मैं इसे वर्षों से कह रहा हूं। हम वही हैं जो हम खाते हैं और हम जो करते हैं उसे छिपा नहीं सकते। जल्दी सो जाओ, कौओं के साथ जागो, ज्यादा सोओ मत, धूम्रपान मत करो या अपना जीवन पी लो। यह सबसे अच्छी बात है, अगर आपका काम जीवन में आपका जुनून है। मुझे खुशी है कि मुझे एक अभिनेता के रूप में सराहा जा रहा है। आज जब मेरी मेहनत रंग लाई है, मैं इसके बारे में सोच सकता हूं।

## प्रेरक प्रसंग

### दंभ


एक पढ़ा लिखा दंभी व्यक्ति नाव में सवार हुआ। वह घमंड से भरकर नाविक से पूछने लगा, क्या तुमने व्याकरण पढ़ा है, नाविक? नाविक बोला नहीं। दंभी व्यक्ति ने बोला अफ़सोस है कि तुमने अपनी आधी उम्र यूं ही गंवा दी। थोड़ी देर में उसने फिर नाविक से पूछा, 'तुमने इतिहास व भूगोल पढ़ा?' नाविक ने फिर सिर हिलाते हुए 'नहीं' कहा। दंभी ने कहा, 'फिर तो तुम्हारा पूरा जीवन ही बेकार गया। मांझी को बड़ा क्रोध आया, लेकिन उस समय वह कुछ नहीं बोला। दैवयोग से वायु के प्रचंड झोंकों ने नाव को भंवर में डाल दिया। नाविक ने ऊंचे स्वर में उस व्यक्ति से पूछा, 'महाराज, आपको तैरना आता है कि नहीं? 'सवारी ने कहा,' नहीं, मुझे तैरना नहीं आता।' 'फिर तो आपको अपने इतिहास, भूगोल को सहायता के लिए बुलाना होगा, वरना आपकी सारी उम्र बर्बाद होने वाली है, क्योंकि नाव अब भंवर में डूबने वाली है।' यह कहकर नाविक नदी में कूद तैरता हुआ किनारे की ओर बढ़ गया।

### झूठ की सजा

एक बार एक आदमी अपने पालतू बंदर के साथ जहाज में यात्रा कर रहा था। तूफान आ जाने के कारण जहाज पलटने लगा सभी लोगों के साथ साथ में बंदर भी पानी में कूद गया। डॉल्फिन ने बंदर को मनुष्य समझकर बचा लिया डॉल्फिन उसे अपनी पीठ पर बिठाकर किनारे को ले जा रही थी। ग्रीस देश की सीमा पार करते डॉल्फिन ने बंदर से पूछा,क्या तुम एथेंस के रहने वाले हो? बंदर ने झूठ बोल दिया, हां, डॉल्फिन ने फिर पूछा,' क्या तुम्हें पिराकस पता है? बंदर को लगा की यह कोई व्यक्ति का नाम है, इसलिए बोला ,वह मेरा अच्छा मित्र है'। डॉल्फिन को पता था की वह व्यक्ति का नाम नही है जबकि बंदरगाह है। डॉल्फिन को झूठ से सक्त नफरत थी। उसे बहुत गुस्सा आया और उसने पानी में डुबकी लगाई और बंदर पानी में डूबकर मर गया। झूठ से केवल क्षणिक लाभ हो सकता है; उससे प्रायः भारी नुकसान होता है।

## शख्सियत — कैप्टन विक्रम बत्रा


# कारगिल युद्ध में वीरगति और परमवीर चक्र से सम्मानित




कैप्टन विक्रम बत्रा भारतीय सेना के एक अधिकारी थे जो कारगिल युद्ध में अभूतपूर्व वीरता का प्रदर्शन करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे। उन्हें मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च वीरता पुरस्कार परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। उनके साहस के लिए कैप्टन विक्रम बत्रा को मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च और प्रतिष्ठित पदक, परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया।

9 सितंबर 1974 को विक्रम बत्रा का जन्म हिमाचल प्रदेश के पालमपुर गांव में गिरधारी लाल बत्रा और कमल कांता बत्रा के घर हुआ था। विक्रम के पिता गिरधारी लाल बत्रा एक सरकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक थे और विक्रम की मां कमल कांता बत्रा भी एक शिक्षिका थीं। विज्ञान में स्नातक करने के बाद विक्रम का चयन सीडीएस के माध्यम से सेना में हो गया। जुलाई 1996 में, वह भारतीय सैन्य अकादमी, देहरादून में शामिल हुए। दिसंबर 1997 में प्रशिक्षण पूरा होने पर, उन्हें 6 दिसंबर 1997 को जम्मू के सोपोर नामक स्थान पर सेना की 13 जम्मू और कश्मीर राइफल्स में लेफ्टिनेंट के रूप में नियुक्त किया गया। उन्होंने 1999 में कमांडो ट्रेनिंग के साथ-साथ कई ट्रेनिंग भी लीं। 1 जून 1999 को उनकी टुकड़ी को कारगिल युद्ध में भेजा गया। हंप और राकी नाब स्थानों पर विजय प्राप्त करने के बाद विक्रम को कप्तान बनाया गया। इसके बाद श्रीनगर-लेह रोड के ठीक ऊपर की सबसे महत्वपूर्ण 5140 चोटियों को मुक्त कराने की जिम्मेदारी कैप्टन बत्रा की टुकड़ी को दी गई। सबसे आगे दस्ते का नेतृत्व करते हुए उन्होंने दुश्मन पर जमकर हमला किया और उनमें से चार को आमने-सामने की लड़ाई में मार गिराया। बेहद दुर्गम इलाका होने के बावजूद विक्रम बत्रा ने अपने साथियों के साथ 20 जून 1999 को सुबह 3.30 बजे इस चोटी पर कब्जा कर लिया। उन्होंने 'मोर' कहा तो सेना ही नहीं बल्कि पूरे भारत में उनका नाम छा गया। इस दौरान विक्रम के कोड नाम के साथ-साथ उन्हें 'कारगिल का शेर' का नाम भी दिया गया। लेकिन घावों के कारण यह अधिकारी वीरगति को प्राप्त हो गया। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना लेफ्टिनेंट अनुज नायर समेत अपने साथियों के साथ मिलकर कई पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराया। लेकिन घावों के कारण यह अधिकारी वीरगति को प्राप्त हो गया। उनका जन्म 9 सितंबर 1975 को हिमाचल प्रदेश में हुआ था।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# संस्कृत के बारे में कुछ रोचक तथ्य

संस्कृत के बारे में ये 20 तथ्य जान कर आपको भारतीय होने पर गर्व होगा। आज हम आपको संस्कृत के बारे में कुछ ऐसे तथ्य बता रहे हैं, जो किसी भी भारतीय का सर गर्व से ऊंचा कर देंगे। संस्कृत को सभी भाषाओं की जननी माना जाता है। संस्कृत उत्तराखंड की आधिकारिक भाषा है। अरब लोगो की दखलंदाजी से पहले संस्कृत भारत की राष्ट्रीय भाषा थी। नासा के मुताबिक, संस्कृत धरती पर बोली जाने वाली सबसे स्पष्ट भाषा है। संस्कृत में दुनिया की किसी भी भाषा से ज्यादा शब्द है वर्तमान में संस्कृत के शब्दकोष में 102 अरब 78 करोड़ 50 लाख शब्द है। संस्कृत किसी भी विषय के लिए एक अद्भुत खजाना है। जैसे हाथी के लिए ही संस्कृत में 100 से ज्यादा शब्द है। नासा के पास संस्कृत में ताड़पत्रो पर लिखी 60,000 पांडुलिपियां है जिन पर नासा रिसर्च कर रहा है।

फ़ोबर्स मैगज़ीन ने जुलाई,1987 में संस्कृत को कम्प्यूटर सॉफ्टवेर के लिए सबसे बेहतर भाषा माना था। किसी और भाषा के मुकाबले संस्कृत में सबसे कम शब्दो में वाक्य पूरा हो जाता है। संस्कृत दुनिया की अकेली ऐसी भाषा है जिसे बोलने में जीभ की सभी मांसपेशियो का इस्तेमाल होता है।

अमेरिकन हिंदु युनिवर्सिटी के अनुसार संस्कृत में बात करने वाला मनुष्य बीपी, मधुमेह, कोलेस्ट्रॉल आदि रोग से मुक्त हो जाएगा. संस्कृत में बात करने से मानव शरीरका तंत्रिका तंत्र सक्रिय रहता है जिससे कि व्यक्ति का शरीर सकारात्मक आवेश PositiveChargesके साथ सक्रिय हो जाता है। संस्कृत स्पीच थेरेपी में भी मददगार है यह एकाग्रता को बढ़ाती है।कर्नाटक के मुत्तुर गांव के लोग केवल संस्कृत में ही बात करते है। सुधर्मा संस्कृत का पहला अखबार था, जो 1970 में शुरू हुआ था। आज भी इसका ऑनलाइन संस्करण उपलब्ध है।

जर्मनी में बड़ी संख्या में संस्कृतभाषियो की मांग है। जर्मनी की 14 यूनिवर्सिटीज़ में संस्कृत पढ़ाई जाती है। नासा के वैज्ञानिकों के अनुसार जब वो अंतरिक्ष ट्रैवलर्स को मैसेज भेजते थे तोउनके वाक्य उलट हो जाते थे. इस वजह से मैसेज का अर्थ ही बदल जाता था. उन्होंले कई भाषाओं का प्रयोग किया लेकिन हर बार यही समस्या आई. आखिर में उन्होंने संस्कृत में मैसेज भेजा क्योंकि संस्कृत के वाक्य उल्टे हो जाने पर भी अपना अर्थ नही बदलते हैं।

अहम् विद्यालयं गच्छामि
विद्यालयं गच्छामिअहम्।
गच्छामिअहम् विद्यालयं ।

उक्त तीनो के अर्थ में कोई अंतर नहीं है। आपको जानकर हैरानी होगी कि कम्प्यूटर द्वारा गणित के सवालो को हल करने वाली विधि यानि Algorithms संस्कृत में बने है ना कि अंग्रेजी में। नासा के वैज्ञानिको द्वारा बनाए जा रहे 6th और 7वी जेनरेशन सुपर कंप्यूटर संस्कृतभाषा पर आधारित होंगे जो 2034 तक बनकर तैयार हो जाएंगे।

19संस्कृत सीखने से दिमाग तेज हो जाता है और याद करने की शक्ति बढ़ जाती है। इसलिए इंग्लैंड और आयरलैंड के कई स्कूलो में संस्कृत को अनिवार्य विषय बना दिया है। 20इस समय दुनिया के 17 से ज्यादा देशो के कम से कम एक विश्वविद्यालय में तकनीकी शिक्षा के कोर्सेस में संस्कृत पढ़ाई जाती है।

संस्कृत के बारे में ये 20 तथ्य जान कर आपको भारतीय होने पर गर्व होगा।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।



# भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं भगवान गणेश

गणेश चतुर्थी हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। माना जाता है कि इस दिन विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश का जन्म हुआ था। दस दिवसीय यह त्योहार देश भर में धूमधाम से मनाया जा रहा है। विशेषकर महाराष्ट्र में इस पर्व को लेकर उत्साह चरम पर होता है और दस दिनों तक पूरा राज्य गणेशमय हो जाता है। शिवपुराण में कहा गया है कि भाद्रपद मास के कृष्णपक्ष की चतुर्थी मंगलमूर्ति गणेश की अवतरण तिथि है, जबकि गणेशपुराण के अनुसार गणेशावतार भाद्रपद शुक्ल की चतुर्थी को हुआ था।

भगवान गणेश का स्वरूप अत्यन्त ही मनोहर एवं मंगलदायक है। वे अपने उपासकों पर शीघ्र प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। उनके अनन्त नामों में सुमुख, एकदन्त, कपिल, गजकर्णक, लम्बोदर, विकट, विघ्ननाशक, विनायक, धूम्रकेतु, गणाध्यक्ष, भालचन्द्र तथा गजानन ये बारह नाम अत्यन्त प्रसिद्ध हैं। इन नामों का पाठ अथवा श्रवण करने से विद्यारम्भ, विवाह, गृहनगरों में प्रवेश तथा गृह नगर से यात्रा में कोई विघ्न नहीं होता है। देवसमाज में गणेशजी को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। भगवान श्री गणेशजी की पूजा किसी भी शुभ कार्य के करने के पहले की जाती है। मोदक इनका सर्विप्रय भोग है और चूहा इनका प्रिय वाहन है। इनकी शादी ऋद्धि तथा सिद्धि नामक के साथ हुई। इस पर्व से जुड़ी एक मान्यता यह भी है कि इस दिन के रात्रि में चंद्रमा का दर्शन करने से मिथ्या कलंक लग जाता है।

गणेश चतुर्थी के दिन प्रातःकाल स्नान आदि के बाद सोने, तांबे, मिट्टी आदि की गणेशजी की प्रतिमा स्थापित की जाती है और उनका आह्वान किया जाता है। उनका तिलक कर पान, सुपारी, नारियल, लड्डु तथा मेवे चढ़ाए जाते हैं। उन्हें कम से कम 21 लड्डुओं का भोग लगाने की परम्परा है। इनमें से पांच लड्डुओं को गणेशजी के पास ही रहने देना चाहिए बाकी लड्डुओं का प्रसाद बांट देना चाहिए। सुबह और शाम को गणेशजी की आरती की जानी चाहिए और पूजन के बाद नीची नजर से चंद्रमा को अर्घ्य देकर ब्राम्हणों को भोजन कराकर यथाशक्ति दक्षिणा देनी चाहिए।

कथा एक बार भगवान शंकर माता पार्वती के साथ नर्मदा नदी के तट पर गये और वहां पार्वती जी के साथ चौपड़ खेलने की इच्छा जताई। हार जीत का निर्णय कौन करे इसके लिए पार्वती जी ने घास के तिनकों का एक पुतला बनाकर उसे कहा कि बेटा हार जीत का निर्णय तुम्हीं करना। संयोग से तीन बार लगातार पार्वती ही जीतीं लेकिन जब निर्णय सुनाने की बारी आई तो बालक ने भगवान शंकर को विजयी बताया। इससे क्रुद्ध होकर माता पार्वती ने उसे एक पैर से लंगड़ा होने और कीचड़ में रहने का शाप दे



दिया। बालक ने जब तो माता पार्वती को उन्होंने कहा कि गणेश पूजन उनके उपदेश व्रत करके मुझे प्राप्त

अपनी अज्ञानता के लिए माफी मांगी उस पर दया आ गई और ठीक है यहां नाग कन्याएं के लिए आएंगी तो से तुम गणेश

करोगे। इसके बाद वह भगवान के कैलाश पर्वत एक वर्ष बाद कन्याएं गणेश पूजन

साथ पर चली गईं। लगभग श्रावण माह में नाग के लिए वहां आईं। व्रत करने की विधि तो उसने भी 12 दिनों गणेशजी उस बालक

नाग कन्याओं ने गणेश उस बालक को भी बताई तक गणेशजी का व्रत किया। के व्रत से प्रसन्न हुए और उसे

मनवांछित फल मांगने के लिए कहा।

बालक ने कहा कि भगवान मेरे पैरों में इतनी शक्ति दे दो कि मैं खुद से चल कर कैलाश पर्वत पर अपने मातापिता के पास जा सकूं। भगवान गणेशजी ने बालक की इच्छा पूरी कर दी। जिससे बालक कैलाश पर्वत पर भगवान शंकर के पास जा पहुंचा। जब भगवान ने उससे पूछा कि वह यहां तक कैसे आया तो उसने गणेश व्रत की महिमा बता डाली। नर्मदा नदी के तट पर हुई घटना के बाद से माता पार्वती भी भगवान शंकर से अप्रसन्न चल रही थीं इसलिए भगवान शंकर ने भी गणेश व्रत किया तो माता पार्वती भागीभागी उनके पास आईं और पूछा कि आपने ऐसा क्या किया कि मैं आपके पास भागीभागी चली आई तो उन्होंने गणेश व्रत के बारे में बताया। इसके बाद माता पार्वती ने गणेश व्रत किया जिससे उनके पुत्र कार्तिकेय उनके पास आ गये। उन्होंने भी अपनी मां के मुख से इस व्रत के माहात्म्य के बारे में सुनकर यह व्रत किया और इस व्रत के बारे में विश्वामित्र जी को बताया। इस प्रकार इस व्रत के माध्यम से गणेशजी ने जैसे इन सभी की मनोकामना पूरी की उसी प्रकार वह इस व्रत को करने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामना पूरी करते हैं।

इस पर्व से जुड़ी एक और कथा है जो इस प्रकार है एक बार भगवान शंकर स्नान करने के लिये भोगवती नामक स्थान पर गये। उनके चले जाने के पश्चात माता पार्वती ने अपने मैल से एक पुतला बनाया जिसका नाम उन्होंने गणेश रखा। माता ने गणेश को द्वार पर बैठा दिया और कहा कि जब तक मै स्नान करूं किसी भी पुरुष को अन्दर मत आने देना। कुछ समय बाद जब भगवान शंकर वापस आये तो गणेशजी ने उन्हें द्वार पर ही रोक दिया, जिससे क्रुद्ध होकर भगवान शंकर ने उनका सिर धड़ से अलग कर दिया और अन्दर चले गये। पार्वती जी ने समझा कि भोजन में विलम्ब होने से भगवान शंकरजी नाराज हैं सो उन्होंने तत्काल दो थालियों में भोजन परोस कर शंकरजी को भोजन के लिये बुलाया। शंकरजी ने दो थालियों को देखकर पूछा कि यह दूसरा थाल किसके लिये है, तो पार्वतीजी ने जवाब दिया कि यह दूसरा था पुत्र गणेश के लिये है जो बाहर पहरा दे रहा है। यह सुनकर भगवान शंकर बोले कि मैंने तो उसका सिर धड़ से अलग कर दिया है। यह सुनकर पार्वती जी को बहुत दुख हुआ और वह भगवान महादेव से अपने प्रिय पुत्र गणेश को जीवित करने की प्रार्थना करने लगीं। तब शंकरजी ने हाथी के बच्चे का सिर काटकर बालक के धड़ से जोड़ दिया जिससे बालक गणेश जीवित हो उठा और माता पार्वती बहुत हर्षित हुईं। उन्होंने पति और पुत्र को भोजन कराकर स्वयं भोजन किया। चूंकि यह घटना भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को हुयी थी इसलिये इस तिथि का नाम गणेश चतुर्थी रखा गया।

## भारत के इन फेमस गणपति मंदिरों में दर्शन मात्र से पूरी होती है भक्तों की मनोकामना

हिंदू धर्म में भगवान गणेश सबसे पूजनीय भगवान हैं। भगवान श्रीगणेश को रिद्धि-सिद्धि और बुद्धि का देवता कहा जाता है। इसके अलावा भगवान गणेश को प्रथम पूज्य देवता माना जाता है। जब भी कोई शुभ काम किया जाता है, तो सबसे पहले भगवान गणेश की पूजा की जाती है। गणेश चतुर्थी को भी भगवान गणेश की खास तरीके से पूजा-अर्चना की जाती है। गणपति उत्सव महाराष्ट्र का सबसे बड़ा उत्सव होता है। यह उत्सव गणेश चतुर्थी के दिन शुरू होकर 10 दिनों तक चलता है। आखिरी दिन गणपति विसर्जन होता है। आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको गणेश मंदिरों के बारे में बताने जा रहे हैं। इन मंदिरों में दर्शन करने से भक्तों की हर मनोकामना पूरी हो जाती है।



**सिद्धि विनायक मंदिर :** मुंबई में फेमस सिद्धि विनायक मंदिर गणपति मंदिरों में प्रमुख है। इस मंदिर में सामान्य लोग और फेमस हस्तियां दर्शन के पहुंचती हैं। इस मंदिर की स्थापना साल 1801 में हुई थी। बता दें कि यहां के गणपति को नवसाचा गणपति के नाम से भी जानते हैं। इसका अर्थ है कि अगर आप सच्चे मन में गणपति से कुछ मांगते हैं, तो आपकी हर इच्छा पूरी होगी।




**दगड़ूशेठ हलवाई गणपति मंदिर :** इस मंदिर में भगवान गणेश की 7.5 फीट लंबी और 4 फीट चौड़ी मूर्ति है। श्रीगणेश की मूर्ति को सोने के गहनों से सजाया गया है। पूणे में स्थित इस मंदिर के पीछे एक कहानी प्रचलित है। कहा जाता है कि दगडूशेठ गडवे मिठाई बेचा करते थे। उन्होंने महामारी के दौरान अपने बेटे को खो दिया था। बेटे को खोने के बाद उन्होंने भगवान गणेश के इस मंदिर को बनवाने का फैसला किया था।



**खजराना गणेश मंदिर :** मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में प्राचीन खजराना गणेश मंदिर स्थित है। इस मंदिर में दर्शन के लिए ना सिर्फ देश बल्कि विदेशों से भी भक्त पहुंचते हैं। इस मंदिर में भगवान गणेश की 3 फीट ऊंची मूर्ति है। साल 1735 में इस मंदिर का निर्माण होल्कर वंश की रानी महारानी अहिल्याबाई होल्कर ने करवाया था।



**श्री चिंतामन गणेश मंदिर :** मध्यप्रदेश के तीर्थ शहर उज्जैन में श्री चिंतामन गणेश मंदिर। उज्जैन को भगवान महाकालेश्वर के निवास के रूप में जाना जाता है। बता दें कि मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश करने पर आपको भगवान गणेश की तीन प्रतिमा दिखाई देती हैं। जिनमें से पहले चिंतामन, दूसरे इच्छामन और तीसरी मूर्ति सिद्धिविनायक गणेश की है।



**रणथंभौर गणेश मंदिर:** रणथंभौर गणेश मंदिर भारत का सबसे पुराना गणेश मंदिर कहा जाता है। बता दें कि 1300 ई. में राजस्थान के रणथंभौर किले में चौहान वंश के राजा हमीरदेव ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था। यह मंदिर त्रिनेत्र गणपति मंदिर के नाम से फेमस है।



**डोड्डा गणपति मंदिर :** कर्नाटक के दक्षिण बेंगलुरु क्षेत्र में बसवनगुडी में डोड्डा गणपति मंदिर स्थित है। कन्नड़ भाषा में डोजा का अर्थ बड़ा होता है। इस मंदिर में भगवान गणेश की 18 फीट लंबी और 16 फीट चौड़ी मूर्ति है।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नए काम करने का मन बनेगा। फिजूलखर्ची ज्यादा होगी। शत्रु भय रहेगा। शारीरिक कष्ट से बाधा उत्पन्न होगी। दूर यात्रा की योजना बनेगी।

**वृष** यात्रा मनोरंजक रहेगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। विवेक का प्रयोग करें। समस्याएं कम होंगी।

**मिथुन** व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देगा। लाभ देगा। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड इत्यादि में जल्दबाजी न करें।

**कर्क** भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। स्वास्थ्य संबंधी चिंता बनी रहेगी। आशंका व कुशंका रहेगी। कार्य में बाधा संभव है। उत्साह बना रहेगा।

**सिंह** नौकरी में कार्यभार रहेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आय में निश्चितता रहेगी। जोखिम न लें। एकाएक स्वास्थ्य खराब हो सकता है, लापरवाही न करें। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। व्यर्थ दौड़धूप होगी।

**कन्या** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कोई बड़ा काम करने का मन बनेगा। भाग्य का साथ मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। जल्दबाजी न करें।

**तुला** सुख के साधन जुटेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यवसाय लाभदायक रहेगा। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे।

**वृश्चिक** तंत्र-मंत्र में रुचि जागृत होगी। किसी जानकार व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। कोर्ट व कचहरी के कार्य मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। वैवाहिक प्रस्ताव मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है।

**धनु** भागदौड़ होगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। लाभ के लिए प्रयास करें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विवाद से क्लेश हो सकता है।

**मकर** व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि अपमान हो। व्यापार-व्यवसाय अनुकूल रहेगा। निवेश सोच-समझकर करें। नौकरी में चैन रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**कुंभ** व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। निवेश शुभ रहेगा। नौकरी में अधिकार बढ़ने के योग हैं। कोई बड़ी समस्या का अंत हो सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। लेन-देन में सावधानी रखें। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

**मीन** स्वयं के काम पर ध्यान दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। विवाद को बढ़ावा न दें। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यापार ठीक चलेगा। कार्यकुशलता कम होगी। कोई बड़ा खर्च एकाएक सामने आएगा। कर्ज लेना पड़ सकता है।

## जन्म कुंडली और व्यवसाय-नौकरी

भाग 4



### जातक का कार्यक्षेत्र

यह विषय सबसे महत्वपूर्ण है कि किस क्षेत्र में जातक को सफलता मिलेगी या जातक क्या करेगा वर्तमान समय में यह और भी महत्वपूर्ण इसलिए है क्योंकि प्रतिस्पर्धा के समय में यदि यह निर्णय हो जाये कि हमारे लिए कौनसा क्षेत्र अच्छा है तो विद्यार्थी वर्ग उसी दिशा में प्रयास कर सकते हैं।

कार्यक्षेत्र के निर्धारण में दशम भाव की अहम भमिका है दशम भाव में स्थित राशि, दशम पर प्रभाव डालने वाले ग्रह दशमेश का नवांशपति आदि कार्यक्षेत्र के चयन में सहायक होते हैं। 'कार्यक्षेत्र' के निर्धारण में दशम भाव में स्थिति राशियों की भूमिका भी होती है परंतु यह केवल एक सहायक भूमिका होतीहै मुख्य व सूक्ष्म रूप से तो ग्रहों की भूमिका ही होती है।

### कार्यक्षेत्र निर्धारण

दशम भाव में स्थित ग्रह तथा दशम भाव पर दृष्टि डालने वाले ग्रह से संबंधी जातक का कार्यक्षेत्र होता है। यदि यह ग्रह एक से अधिक हों तो जातक एक से अधिक व्यवसाय भी अपना सकता है तथा चयन करते समय जो ग्रह उनमें अधिक बली हो उससे संबंधित क्षेत्र में जाना चाहिए।



प्रियंका जैन
9769994439

## खबर संक्षेप

### 12 साल पहले पति को छोड़कर भाग गयी थी पत्नी

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के अलगडीहा गांव में पत्नी ने बेटे के साथ मिलकर पति की गला दबाकर हत्या कर दी। घटना शुक्रवार देर रात की बतायी जा रही है। मृतक दीनानाथ मंडल के भाई ने बगोदर थाना में आवेदन देकर अपने भतीजा और भाभी पर हत्या करने का आरोप लगाया है। थाना में दिये आवेदन में मृतक के भाई जीवाधन मंडल ने कहा है कि मृतक दीनानाथ मंडल (55) की पत्नी देवंती देवी 12 साल पहले किसी दूसरे व्यक्ति के साथ भागकर शादी कर ली थी। वह उसके साथ ही रह रही थी। डेढ़ माह पहले देवंती देवी घर लौटी और फिर से दीनानाथ मंडल के साथ रहने लगी थी। बीते दो दिनों से दोनों के बीच कुछ विवाद चल रहा था। विवाद बढ़ता गया और शुक्रवार को घर में आरोपी देवंती देवी ने अपने छोटे बेटे दीपक कुमार के साथ मिलकर दीनानाथ मंडल के साथ मारपीट की। इसी दौरान गला दबाकर दोनों ने दीनानाथ की हत्या कर दी और घर से फरार हो गये। मृतक के भाई ने बताया कि शनिवार की सुबह दीनानाथ मंडल की मां घर पहुंची तो देखा कि दीनानाथ मंडल का शव बेड पर पड़ा हुआ है। इसके बाद वह हो-हल्ला करने लगी। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने बगोदर पुलिस को दी। पुलिस ने दीनानाथ का शव उसके घर से बरामद किया। घटना को लेकर आस-पड़ोस के लोगों से जानकारी ली। लोगों ने भी पुलिस को दो दिन पूर्व पति-पत्नी के बीच हुए विवाद की बात बतायी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया।

### परिवार के साथ हथियार के बल पर छिनतई

**साहिबगंज।** साहिबगंज के राजमहल में शनिवार देर रात शादी समारोह से लौट रहे एक परिवार के साथ अपराधियों ने छिनतई की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित परिजनों ने बताया कि कुल चार मोबाइल, 15 हजार रुपये नगद, महिला के कान के जेवर लेकर वे फरार हो गये। कुल तीन लोगों ने इस वारदात को अंजाम दिया है। वहीं, पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलते ही कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी। जानकारी के मुताबिक राजमहल थाना क्षेत्र के कासिम बाजार निवासी मो सईक, एजाज अहमद उर्फ लिटोन और रिंकू शेख अपने परिवार की महिलाओं के साथ टोटो में सवार होकर साहिबगंज से एक शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर लौट रहे थे। इस बीच वे जैसे ही सकरीगली महाराजपुर के पास पहुंचे तीन बाइक सवार लोगों ने लिफ्ट मांग ली। जब उनसे गाड़ी में महिला होने की बात कही गयी तो वे मारपीट करने लगे।

# झारखंड के पूर्व मंत्री सरयू राय की बढ़ सकती है मुश्किलें

### इस मामले में प्राथमिकी दर्ज

**रांची।** पूर्व खाद्य आपूर्ति सरयू राय (Saryu Roy) सहित अन्य पर अपने पद का दुरुपयोग कर आहार पत्रिका के मुद्रण, प्रकाशन और वितरण की आड़ में अवैध तरीके से 3.138 करोड़ का अनुचित लाभ उठाने के आरोप में अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। इसमें सरयू राय के निजी सहायक सह आहार पत्रिका के कार्यकारी संपादक आनंद कुमार व धनबाद के तत्कालीन प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुनील शंकर, बाबा कंप्यूटर्स के मालिक रितेश गुप्ता और जेपीपीएल के निदेशक को नामजद आरोपी बनाया गया है। यह प्राथमिकी एम-3, अरगोड़ा हाउसिंग कॉलोनी निवासी मनोज सिंह ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 314, 316(2), 316(4), 316(5), 61(2) सहपाठित धारा 3(5) व भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम, 1988 की धारा 7, 11, 12 एवं 13(2) के अंतर्गत दर्ज करायी है।

### क्या है दर्ज प्राथमिकी में ?



प्राथमिकी में कहा गया है कि सरयू राय (Saryu Roy) ने आम जनता में अधिकारों के प्रति जागरूकता लाने के नाम पर हर माह खाद्य बुलेटिन आहार की आड़ में अक्तूबर 2017 से मार्च 2019 तक की अवधि में 3,38,26,473/- का भुगतान करवाया। तय मात्रा से काफी कम संख्या में आहार पत्रिका का मुद्रण, प्रकाशन व वितरण हुआ। साथ ही घोटाला कर मामले को दबाने की मंशा से अपने करीबी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुनील शंकर को रिटायर होने से कुछ दिन पहले धनबाद में तैनात किया गया।

# भाजपा नेता के गनर को लगी गोली, मौत से मचा हड़कंप

### असलहे की सफाई के दौरान हुई



**जौनपुर।** जौनपुर जिले के बरसठी थाना क्षेत्र के बबुरी गांव निवासी भाजपा नेता मनोज सिंह की सुरक्षा में तैनात सिपाही रत्नेश प्रजापति की रविवार की सुबह गोली लगने से मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुट गई।

### असलहे की सफाई के दौरान चली गोली

भाजपा नेता के बबुरी गांव स्थित फार्म हाउस पर यूपी पुलिस के 2018 का सिपाही रत्नेश अपनी कार्बाइन की सफाई कर रहा था। इस दौरान अचानक गोली चल गई। आनन-फानन उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टर ने रत्नेश को मृत घोषित कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी है। गनर रत्नेश प्रजापति मऊ जनपद का रहने वाला था। एसपी ग्रामीण शैलेंद्र सिंह ने बताया कि मनोज सिंह के यहां दो आरक्षी रत्नेश प्रजापति व रजत पांडेय सुरक्षा में तैनात थे। सुबह 6 बजे मनोज सिंह के रसोइया अवनीश शुक्ला और रजत पांडेय ने सूचना दी कि उनका साथी अपने असलहे की साफ- सफाई कर रहा था, तभी गोली चल गई जिससे वह घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने घायल सिपाही को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस की टीम जांच में जुट गई। घर वालों को सूचना दे दी गई है, उनके आने पर आगे कार्यवाही की जाएगी।

ट्रांसपोर्ट नगर हादसा


# बिल्डिंग मालिक पर एफआईआर दर्ज

एजेंसी | लखनऊ

ट्रांसपोर्टनगर हादसे में पिछले 20 घंटे से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें रेस्क्यू करने में जुटी हैं। उधर पुलिस ने हरमिलाप टॉवर मालिक राकेश सिंघल पर एफआईआर दर्ज की है। एफआईआर चौकी इंचार्ज की तहरीर पर दर्ज की गई है। वहीं कुछ ही देर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ घायलों को देखने के लिए लोकबंधु अस्पताल पहुंचने वाले हैं।

शहीथ पथ किनारे स्थित तीन मंजिला हरमिलाप टावर का आधा हिस्सा शनिवार शाम करीब चार बजे ढह गया था। हादसे में कारोबारी जसमीत साहनी समेत आठ लोगों की मौत हो गई थी जबकि 28 घायलों का इलाज चल रहा है। जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। हादसे के बाद से पुलिस, दमकल, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीमों के जवाब रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे हैं। पूरी रात रेस्क्यू चला। काफी मलबा हटाया। मलबे में दबी गाड़ियां हटाई गई हैं। अभी भी कुछ लोगों के दबे होने की आशंका है।

### शनिवार की शाम गिर गई इमारत




ट्रांसपोर्टनगर में शनिवार शाम बारिश के दौरान शहीद पथ किनारे स्थित एक तीन मंजिला इमारत भरभराकर गिर गई। हादसे में एक कारोबारी समेत आठ लोगों की मौत हो गई जबकि मलबे में दबे 24 लोगों को निकालकर राजधानी के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इनमें 3 लोगों की हालत गंभीर है, जिनका ट्रामा सेंटर में इलाज चल रहा है। मलबे में अभी कई और लोगों के दबे होने की आशंका है। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, दमकल और पुलिस की टीमें राहत-बचाव कार्य में देर रात तक जुटी रहीं। आशियाना निवासी राकेश सिंघल का हरमिलाप (ग्राउंड प्लस 2) टावर था।

# दुष्कर्म पीड़िता से मिलने पहुंचे सांसद

### परिवार ने मिलने से किया इंकार, जताई नाराजगी

एजेंसी | अयोध्या

अयोध्या जिले के खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म पीड़िता और उसके परिजनों से मिलने सपा सांसद अवधेश प्रसाद घटना में केस दर्ज होने के तीसरे दिन शनिवार की रात में पहुंचे। पीड़ित परिवार ने सपा सांसद से मिलने से इंकार कर दिया। हालांकि सपा सांसद ने मौजूद ग्रामीणों को किशोरी व परिवार की सुरक्षा, मुवावजा और दोषियों पर कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया।

जब ग्रामीणों को जानकारी हुई कि पीड़ित परिवार से मिलने सपा सांसद पहुंचे हैं तो बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। वे सासंद से कहने लगे कि घटना के तीसरे दिन आप आ रहे हैं वह भी रात के अंधेरे में, पीछे से कुछ लोग यह भी कह रहे थे कि आप तो अयोध्या के राजा हैं, तब क्यों इतनी रात को मिलने आए हैं।

### फांसी की सजा



पीड़ित परिवार ने मुलाकात करने से जब मना कर दिया तो मौके पर एकत्रित ग्रामीणों से सांसद ने कहा कि हम पीड़ित के साथ खड़े हैं। सुरक्षा और मुआवजा दिलाएंगे। ग्रामीणों की ओर से कहा गया कि पीड़ित परिवार को आरोपियों के परिवार की ओर से मारने की धमकी दी जा रही है। इस पर सांसद ने कहा कि हम आ गए हैं, अब आप लोगों को कोई धमकी नहीं दे सकेगा। जिसने यह कांड किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई हो रही है। फांसी की सजा दिलाई जाएगी। गांव में बिजली न होने से अंधेरा था, लोग मोबाइल की लाइट और टार्च जलाकर सांसद की बात को सुन रहे थे।



# गड्ढे में डूबने से युवक की मौत

### पिता को खाना देकर खेत से लौट रहा था घर

**पटना।** पटना के बाढ़ अनुमंडल में पानी से भरे गड्ढे में डूबने से एक युवक की मौत हो गई है। घटना पटना के बेलछी प्रखंड के मनकौरा गांव का बताया जा रहा है। मृतक की पहचान 19 वर्षीय चंदन कुमार के रूप में की गई है। घटना रविवार की बताई जा रही है। बता दें कि युवक की मौत गड्ढे में डूबने से हो गई। वह अपने पिता राजाराम यादव को खाना पहुंचाने खेत में गया था। उसके पिता सुबह से ही खेत में खाद देने में लगे हुए थे। पिता को खाना देने के बाद वह काफी देर तक घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। फिर ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के किनारे गड्ढे में युवक की लाश पड़ी हुई है। जब उसके परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्होंने गड्ढे में अपने बेटे की लाश देखी। परिजनों का कहना है कि खेत से घर जाने के दौरान यह घटना हुई होगी। वह गड्ढा पार कर रहा होगा उसी दौरान गड्ढे में गिर गया होगा। जिसमें डूबने से उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों और परिजनों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच घटना की जांच में जुट गई।


## व्यापार जगत

# शेयर बाजार को लेकर निवेशकों में बढ़ा रुझान

### देश में डीमैट अकाउंट की संख्या 17 करोड़ के पार पहुंची

एजेंसी | नई दिल्ली

घरेलू शेयर बाजार में खुदरा निवेशकों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। निवेशकों की संख्या में बढ़ोतरी होने का संकेत देश में लगातार बढ़ रहे डीमैट अकाउंट की संख्या से मिलता है। अगस्त महीने में देश में कुल डीमैट अकाउंट की संख्या पहली बार 17 करोड़ के आंकड़े के पार पहुंच गई। अगस्त में देश में 42.30 लाख डीमैट अकाउंट खोले गए। इस तरह देश में अभी तक खोले गए डीमैट अकाउंट की कुल संख्या 17.11 करोड़ हो गई है।



### जुलाई के महीने में 44.44 लाख डीमैट अकाउंट

डिपॉजिटरी द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक अगस्त के पहले जुलाई के महीने में 44.44 लाख डीमैट अकाउंट खुले थे। इस तरह मासिक आधार पर नए खुलने वाले डीमैट अकाउंट की संख्या में अगस्त के महीने के दौरान 2.14 लाख की कमी जरूर आई लेकिन सालाना आधार पर इसमें 11.30 लाख की बढ़ोतरी हुई है। इसके पहले अगस्त 2023 में 31 लाख में डीमैट अकाउंट खोले गए थे। इस साल जून महीने में ही देश में डीमैट अकाउंट की संख्या बढ़ कर 16 करोड़ हो गई थी। इसके दो महीने बाद ही अगस्त के महीने में इस संख्या में एक करोड़ की बढ़ोतरी हो गई। जनवरी 2023 से लेकर अगस्त 2024 के बीच 6.28 करोड़ डीमैट अकाउंट खोले गए हैं। इनमें साल 2024 में जनवरी से अगस्त के दौरान कुल 3.18 करोड़ नए डीमैट अकाउंट खोले गए हैं। इसके पहले साल 2023 में जनवरी से दिसंबर तक कुल 3.10 करोड़ डीमैट अकाउंट खोले गए थे। इस तरह इस साल 8 महीने की अवधि में ही नए डीमैट अकाउंट खुलने का आंकड़ा 2023 के आंकड़े से आगे निकल गया है।


# आज से ओपन होगा बजाज हाउसिंग फाइनेंस का आईपीओ

### 11 सितंबर तक बोली लगा सकेंगे, मिनिमम 14,980 रुपए करने होंगे निवेश

दोपहर संवाददाता | मुंबई

बजाज हाउसिंग फाइनेंस का IPO 9 सितंबर ये ओपन हो रहा है। इसका प्राइस बैंड 66-70 रुपए प्रति शेयर है। IPO के जरिए बजाज हाउसिंग फाइनेंस 6,560 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। ये IPO 11 सितंबर तक खुला रहेगा। इस IPO के जरिए बजाज हाउसिंग फाइनेंस 6,560 करोड़ रुपए जुटाना चाहती है। IPO में 3,560 करोड़ रुपए के नए शेयर जारी होंगे, जबकि 3,000 करोड़ रुपए का ऑफर-फॉर-सेल शामिल होगा।

कंपनी ने इस इश्यू का प्राइस बैंड 66-70 तय किया है। रिटेल निवेशक कम से कम एक लॉट यानी 214 शेयर्स के लिए बिडिंग कर सकते हैं। यदि आप IPO के अपर प्राइस बैंड 70 के हिसाब से 1 लॉट के लिए अप्लाय करते हैं, तो इसके लिए 14,980 इन्वेस्ट करने होंगे।




### कर्ज देने की क्षमता बढ़ाने में होगा फंड का उपयोग

कंपनी IPO से जुटाए गए फंड का इस्तेमाल अपने कैपिटल बेस को बढ़ाने में करेगी, ताकि भविष्य की बिजनेस जरूरतों के लिए फंड की व्यवस्था की जा सके। मतलब कर्ज देने की क्षमता बढ़ाई जा सके।

### कंपनी फाइनेंशियल्स

- Q4 में बजाज हाउसिंग फाइनेंस का शुद्ध मुनाफा 381 करोड़ रुपए रहा। ये सालाना आधार पर 26% की ग्रोथ है।
- वहीं कंपनी की नेट इंटरेस्ट इनकम में 11% (YoY) का इजाफा हुआ और ये 629 करोड़ रुपए रही थी।
- कंपनी के AUM में सालाना आधार पर 32% का इजाफा हुआ है और AUM बढ़कर 91,370 करोड़ रुपए पर पहुंच गया।
- वहीं Q4 में नेट टोटल इनकम भी 14% (YoY) बढ़कर 717 करोड़ रुपए पर पहुंच गई।
- कंपनी के कर्ज बांटने में सालाना आधार पर 26% का इजाफा दर्ज किया गया।

# उपभोग के रुझानों में बड़े बदलाव लाने को तैयार है 'जेनरेशन जेड': बर्नस्टीन रिपोर्ट

**नई दिल्ली।** डिजिटल मामलों में महारथ रखने वाली पीढ़ी 'जेनरेशन जेड' उपभोग के रुझानों में बड़े बदलाव की पटकथा लिखकर भारत के उपभोक्ता बाजारों में महत्वपूर्ण जगह बना रही है। बर्नस्टीन की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई। वर्ष 1995 से 2010 के बीच जन्मे लोगों को 'जेनरेशन जेड' में शामिल किया जाता है।



रिपोर्ट के मुताबिक विभिन्न ब्रांड इस पीढ़ी के साथ गहरा संबंध बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो डिजिटल रूप से काफी पारंगत और मोबाइल ऐप को तरजीह देने वाली है। यह पीढ़ी सोशल मीडिया से लेकर टैक्सी लेने और खाना मंगाने तक के लिए मोबाइल का सहारा लेती है।

# सरकार आदिवासी, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में दाल उत्पादन को दे रही बढ़ावा

**नई दिल्ली।** सरकार झारखंड और छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों और आदिवासी क्षेत्रों में दलहन विशेष रूप से 'अरहर' और 'उड़द' की खेती को प्रोत्साहित कर रही है। इस पहल का मकसद उत्पादन और किसानों की आय को बढ़ावा देना है। एक सरकारी अधिकारी ने कहा कि यह पहल, गैर-परंपरागत दाल उत्पादक क्षेत्रों पर केंद्रित है। यह एक प्रायोगिक परियोजना है। इसे सफल होने पर पूरे देश में विस्तारित किया जा सकता है, जिससे भारत की आयात पर निर्भरता कम हो सकती है। इस परियोजना के संचालन का जिम्मा भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) को सौंपा गया है। उसने झारखंड में चार और छत्तीसगढ़ में पांच जिलों को इसके कार्यान्वयन के लिए चुना है। एनसीसीएफ की प्रबंध निदेशक अनीस जोसेफ चंद्रा ने पीटीआई-भाषा से कहा, "हम झारखंड और छत्तीसगढ़ के चुनिंदा नक्सल प्रभावित और आदिवासी क्षेत्रों में इस खरीफ सत्र में अरहर



और उड़द उत्पादन को बढ़ावा दे रहे हैं, जिसमें महिला किसान भी शामिल हैं।" लक्षित जिलों में छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव, जशपुर, बस्तर और मोहला मानपुर तथा झारखंड के पलामू, कटिहार, दुमका और गढ़वा शामिल हैं। चालू खरीफ सत्र के लिए हाइब्रिड बीज वितरित किए गए हैं। किसानों को सहकारी समिति को अपनी उपज बेचने के लिए एनसीसीएफ के पोर्टल पर पहले से पंजीकरण कराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# ध्रुव जुरेल ने दिलीप ट्रॉफी में रचा इतिहास

## ■ महेंद्र सिंह धोनी के खास रिकॉर्ड की बराबरी की



एजेंसी | बेंगलुरु

युवा भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने दिलीप ट्रॉफी में पूर्व विकेटकीपर महेंद्र सिंह धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। जुरेल, जो मौजूदा दिलीप ट्रॉफी में इंडिया-ए की तरफ से खेल रहे हैं, ने बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में इंडिया-बी के खिलाफ शानदार विकेटकीपिंग की। ध्रुव जुरेल ने शानदार विकेटकीपिंग करते हुए दिलीप ट्रॉफी मैच की दूसरी पारी में 7 कैच लपके और धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी की। धोनी ने भी ईस्ट जोन की तरफ से खेलते हुए 2004 में दिलीप ट्रॉफी के एक मैच में पारी में सात कैच पकड़े थे। 23 साल के जुरेल ने पहली पारी में एक कैच पकड़ा। लेकिन दूसरी पारी में सात कैच लेकर इंडिया-बी को दबाव में लाने में अहम रोल निभाया। उन्होंने यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान, मुशीर खान और नितीश रेड्डी के महत्वपूर्ण कैच पकड़े। जबकि नवदीप सैनी का उन्होंने मैच में फाइनल कैच लपका और इंडिया-बी ने दूसरी पारी में 184 रन बनाए।

### धोनी के रिकॉर्ड की बराबरी की

इससे पहले, जुरेल ने साल की शुरुआत शानदार तरीके से की थी। उन्होंने घरेलू क्रिकेट में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिसके कारण उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम में पहली बार चुना गया था। जुरेल ने डेब्यू सीरीज में तीन टेस्ट की चार पारियों में 190 रन बनाकर बड़ा प्रभाव छोड़ा, जिसमें उनके पहले मैच में 90 रन की अहम पारी भी शामिल है। भारत इस सीरीज में ऋषभ पंत और केएल राहुल जैसे खिलाड़ियों के बिना था, लेकिन जब भी जुरेल को मौका मिला, उन्होंने अपनी छाप छोड़ी।

### ऋषभ पंत बनाम ध्रुव जुरेल

भारत को इस महीने बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट की सीरीज खेलनी है। हालांकि, ऋषभ पंत की वापसी के बाद पंत को प्लेइंग-11 में जगह मिले, ऐसा मुश्किल दिख रहा। 2022 में कार दुर्घटना में घायल होने से पहले टीम इंडिया के फर्स्ट चॉइस विकेटकीपर रहे ऋषभ पंत ने भी रेड बॉल क्रिकेट में वापसी कर ली है। उन्होंने टी20 विश्व कप में भारत की जीत में अहम रोल निभाया था। पंत भी दिलीप ट्रॉफी में इंडिया-बी की तरफ से खेल रहे हैं और इंडिया-ए के खिलाफ मैच की दूसरी पारी में तूफानी 61 रन बनाकर उन्होंने टेस्ट टीम में वापसी का अपना दावा और मजबूत कर लिया है।

# मोईन अली ने इंटरनेशनल क्रिकेट से लिया संन्यास

## ▶▶ 2 वर्ल्ड कप जीतने वाला दिग्गज बोला- लगा यही सही समय

एजेंसी | लंदन

इंग्लैंड के धाकड़ ऑलराउंडर मोईन अली ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया। 37 साल के मोईन को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाली घरेलू वनडे और टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम में नहीं चुना गया था। इसके बाद उन्होंने रिटायरमेंट का फैसला लिया। 2014 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण के बाद, मोईन अली ने 68 टेस्ट, 138 वनडे और 92 टी20 मैच खेले। उन्होंने सभी फॉर्मेट में इंग्लैंड के लिए 6678 रन, 8 शतक, 28 अर्धशतक और 366 विकेट लिए। उनका आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच गुयाना में टी20 विश्व कप में भारत के खिलाफ सेमीफाइनल में इंग्लैंड की हार थी। मोईन 2019 में वनडे वर्ल्ड कप और 2022 में टी20 विश्व कप जीतने वाली इंग्लिश टीम का हिस्सा थे।



### संन्यास का सही समय आ गया था: मोईन

मोईन ने डेली मेल को दिए इंटरव्यू में कहा, 'मैं 37 साल का हूं और इस महीने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ़ होने वाली सीरीज़ के लिए मुझे नहीं चुना गया। मैंने इंग्लैंड के लिए बहुत क्रिकेट खेला है। अब अगली पीढ़ी के लिए समय आ गया है, जिसके बारे में मुझे बताया भी गया। मुझे लगा कि यह सही समय है। मैंने अपना काम कर दिया है।

### 'मैं कोचिंग में हाथ आजमा सकता हूं'

अली ने आगे कहा, 'मुझे बहुत गर्व है। जब आप पहली बार इंग्लैंड के लिए खेलते हैं, तो आपको नहीं पता होता कि आपको कितने मैच खेलने हैं। इसलिए लगभग 300 मैच खेलना...मेरे पहले कुछ साल टेस्ट क्रिकेट के इर्द-गिर्द ही गुज़रे। एक बार जब मोर्गन [इयोन मोर्गन] ने वन-डे की कमान संभाली, तो यह और भी मज़ेदार हो गया। लेकिन टेस्ट क्रिकेट ही असली क्रिकेट था।'

# कनाडा ने 67 साल बाद अमेरिका को उसके घर में हराया



एजेंसी | कन्सास सिटी

कनाडा ने अमेरिका की रक्षा पंक्ति की गलतियों का फायदा उठाकर मैत्री फुटबॉल मैच में 2-1 से जीत दर्ज की। कनाडा की यह अमेरिका पर उसकी सरजमीं पर 67 साल में पहली जबकि कुल दूसरी जीत है। इससे पहले कनाडा ने 1957 में विश्व कप क्वालीफायर के सेंट लुई में खेले गए मुकाबले में 3-2 से मात दी थी। वहीं पिछले 99 वर्ष और 27 मैच में अमेरिका के खिलाफ उसकी धरती पर दूसरी जीत है। कनाडा की ओर से जैकब शेफेलबर्ग और जोनाथन डेविड ने पहले हाफ में गोल किए। अमेरिका की तरफ से एकमात्र गोल लुका डे ला टोरे ने 66वें मिनट में एडन मॉरिस के पास पर किया जो अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में उनका पहला गोल भी है।

# भारत 2030 युवा ओलंपिक के लिए दावेदारी पेश करेगा: खेल मंत्री मांडविया

एजेंसी | नई दिल्ली

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को कहा कि भारत 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक के लिए बोली लगाने के लिए तैयार है, जो 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगा। वर्ष 2030 में पांचवें युवा ओलंपिक खेलों का आयोजन किया जाएगा। मांडविया ने यहां एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) की



44वीं महासभा के अवसर पर कहा, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम 2030 में होने वाले युवा ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने जा रहे हैं, लेकिन हमारा ध्यान 2036 ओलंपिक की मेजबानी पर है।''

### भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने क्या कहा?

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा, ''मोदीजी के नेतृत्व में हमने क्रिकेट विश्व कप, फुटबॉल अंडर-17 विश्व कप सहित कई अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया।'' युवा ओलंपिक 2023 की मेजबानी हासिल करने के लिए भारत के अलावा पेरू, कोलंबिया, मैक्सिको, थाईलैंड, मंगोलिया, रूस, यूक्रेन, बोस्निया और हर्जेगोविना भी दौड़ में शामिल हैं।

# ओसीए अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बने रणधीर सिंह

एजेंसी | नई दिल्ली

अनुभवी खेल प्रशासक रणधीर सिंह 8 सितंबर को एशियाई ओलंपिक परिषद (OCA) के अध्यक्ष चुने जाने वाले पहले भारतीय बन गए। उन्हें अध्यक्ष महाद्वीपीय निकाय की 44वीं आम सभा के दौरान चुना गया। पांच बार के ओलंपिक निशानेबाज रणधीर ओसीए अध्यक्ष पद के लिए एकमात्र योग्य उम्मीदवार थे। उनका कार्यकाल



2024 से 2028 तक चलेगा। उनका चुनाव सर्वसम्मति से हुआ। रणधीर सिंह का परिवार खेलों से जुड़ा रहा है। उनके पिता और चाचा क्रिकेटर थे।

### रणधीर खिलाड़ियों के परिवार से ताल्लुक रखते हैं

भारतीय और एशियाई खेल निकायों में विभिन्न प्रशासनिक पदों पर रह चुके रणधीर को खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और एशिया के सभी 45 देशों के शीर्ष खेल लीडर्स की मौजूदगी में आधिकारिक तौर पर ओसीए अध्यक्ष चुना गया। पंजाब के पटियाला से रणधीर खिलाड़ियों के परिवार से ताल्लुक रखते हैं। रणधीर के चाचा महाराजा यादविंद्र सिंह ने भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेला था। वह आईओसी के सदस्य थे।

# अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच सोमवार से शुरू होगा महामुकाबला

एजेंसी | नोएडा

अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड की टीम इन दिनों भारत दौरे पर है। दोनों के बीच एकमात्र टेस्ट मुकाबला नौ सितंबर से उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में खेला जाएगा। सोमवार से शुरू होने जा रहे इस मैच में कीवी टीम अफगानिस्तान की लंबी अवधि के प्रारूप में अनुभवहीनता का फायदा उठाना चाहेगी। इसके अलावा न्यूजीलैंड विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत होने वाले मैचों के लिए लय हासिल करने का लक्ष्य लेकर उतरेगी।



### उपमहाद्वीप में अच्छा नहीं है न्यूजीलैंड का रिकॉर्ड

न्यूजीलैंड का अफगानिस्तान के खिलाफ यह पहला टेस्ट मैच होगा जो उनके लिए कई मायनों में महत्वपूर्ण है। न्यूजीलैंड की टीम को उपमहाद्वीप की मुश्किल परिस्थितियों में छह टेस्ट मैच खेलने हैं। पिछले 40 वर्षों में यह पहला मौका होगा जब टीम उपमहाद्वीप में इतने अधिक टेस्ट खेलेगी। दरअसल, उपमहाद्वीप के मैदानों पर न्यूजीलैंड का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है।




### फॉर्म में आने को बेताब विलियमसन

अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन ने परिस्थितियों के अनुरूप ढलने की जरूरत पर जोर दिया है। उन्होंने बताया कि उनका लक्ष्य अगले महीने भारत के खिलाफ होने वाली सीरीज के लिए अच्छी तरह से तैयार होना है। उपमहाद्वीपों की पिचें स्पिनर्स के लिए मददगार होती हैं। माना जा रहा है कि न्यूजीलैंड की टीम इसके लिए पूरी तैयार है। उनके खेमें में पांच स्पिनर शामिल हैं।

# दीपिका और रणवीर ने दी खुशखबरी

दीपिका पादुकोण काफी समय से अपनी प्रेग्नेंसी को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में इस खबर से उनके प्रशंसक उत्साहित हो उठे थे कि दीपिका अस्पताल में भर्ती हो गई हैं और कभी भी वह बच्चे को जन्म दे सकती हैं। अब खबर है कि दीपिका मां बन गई हैं। इसी के साथ सोशल मीडिया पर बधाइयों का तांता लग गया है। प्रशंसकों से लेकर फिल्मी सितारे तक दीपिका और उनके पति रणवीर सिंह को शुभकामनाएं दे रहे हैं।



### दीपिका ने दिया बेटी को जन्म

भले ही खुद दीपिका या रणवीर ने यह खुशखबरी अपने प्रशंसकों के साथ साझा नहीं की है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अभिनेत्री ने बेटी को जन्म दिया है। दीपिका ने खुद यह जानकारी दी थी कि वह इसी महीने यानी सितंबर में मां बनेंगी। अब आखिरकार दीपिका और रणवीर के घर में किलकारियां गूंज उठी हैं, जिसके बाद उनके प्रशंसक सातवें आसमान पर हैं। बीते दिन दीपिका-रणवीर को सिद्धिविनायक मंदिर जाते देखा गया था।

### दीपिका ने इस साल फरवरी में किया था प्रेग्नेंसी का ऐलान

बता दें कि दीपिका ने फरवरी, 2024 में अपनी प्रेग्नेंसी का ऐलान किया था और बताया था कि सितंबर में उनकी डिलिवरी होगी। उनका ये पोस्ट मिनटों में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। दीपिका ने 2018 में रणवीर से शादी की थी। उनकी शादी को 6 साल हो गए हैं। दोनों ने इटली के लेक कोमो में शादी रचाई थी। शादी से 3 साल पहले ही 2015 में दोनों ने गुपचुप सगाई कर ली थी।

# श्रद्धा कपूर की 'स्त्री 2' अपनी ओटीटी रिलीज को तैयार

श्रद्धा कपूर की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' का खुमार चौथे सप्ताह भी दर्शकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। यह फिल्म 15 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और शुरुआत से इसकी धुआंधार कमाई जारी है। फिल्म ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 516 .50 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर लिया है। अब 'स्त्री 2' अपनी OTT रिलीज को तैयार है। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे OTT पर देख सकते हैं।

### अमेजन प्राइम वीडियो पर देख पाएंगे फिल्म

'स्त्री 2' का प्रीमियर 27 सितंबर, 2024 को अमेजन प्राइम वीडियो पर होने वाला है। अमर कौशिक के निर्देशन में बनी 'स्त्री 2' का बजट महज 60 करोड़ रुपये है। इस फिल्म में श्रद्धा की जोड़ी राजकुमार राव के साथ बनी है।




# अंकिता लोखंडे ने संयज लीला भंसाली से की मुलाकात

छोटे पर्दे की जानी-मानी अभिनेत्री अंकिता लोखंडे ने हाल ही में निर्देशक संजय लीला भंसाली से मुलाकात की। इस दौरान अंकिता के पति और बिजनेसमैन विक्की जैन भी उनके साथ नजर आए। भंसाली संग मुलाकात की तस्वीर अंकिता ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर साझा की हैं, जिसे प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। इसके साथ अंकिता ने लंबा-चौड़ा नोट लिखा है। भंसाली से मिलने के बाद अभिनेत्री ने खुद को भाग्यशाली भी बताया।




### अंकिता ने लिखा लंबा-चौड़ा नोट



अंकिता ने लिखा, 'आदरणीय संजय सर, मैं भावनाओं और कृतज्ञता से अभिभूत हूं। मैं शब्दों में बयां नहीं कर सकता कि मैं आपके और आपके अविश्वसनीय शिल्प के लिए क्या महसूस करती हूं। आपका समर्पण और जुनून मेरे लिए प्रेरणा है। मुझे सुनने के लिए समय निकालने के लिए धन्यवाद। आपका मार्गदर्शन और मुझ पर विश्वास मेरी यात्रा को आकार देने में सहायक रहा है और मैं आपके मार्गदर्शन और समर्थन के लिए हमेशा आभारी रहूंगी।'



# तमन्ना भाटिया ने की रजनीकांत की तारीफ



मौजूदा वक्त में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' की सफलता का आनंद उठा रही हैं। इस फिल्म में उन्होंने कैमियो किया है। इस फिल्म के सुपरहिट गाने 'आज की रात' में तमन्ना ने ही डांस किया है। वह तेलुगु, तमिल और मलयालम फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। हाल ही में एक पॉडकास्ट में तमन्ना ने दिग्गज अभिनेता रजनीकांत की जमकर तारीफ की है। बता दें तमन्ना और रजनीकांत फिल्म 'जेलर' में साथ काम कर चुके हैं।

### वह एक विनम्र व्यक्ति हैं -तमन्ना


तमन्ना ने कहा, 'रजनी सर के बारे में सबसे अच्छी बात यह है कि वह अच्छे अभिनेता होने के साथ-साथ बहुत शानदार व्यक्ति भी हैं। उन्होंने अपने करियर में जितनी भी फिल्में दी हैं, वो सुपरहिट रहीं और दर्शकों से उन्हें खूब प्यार मिला। इतने शानदार अभिनेता होने के बाद भी वह एक विनम्र व्यक्ति हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'रजनी सर के साथ काम करना हमेशा शानदार रहा है। मैं आगे भी उनके साथ काम करना चाहती हूं।'

### फिल्म 'ओडेला 2' में नजर आएंगी तमन्ना

इन दिनों तमन्ना अपनी आगामी फिल्म 'ओडेला 2' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। यह फिल्म साल 2022 में आई फिल्म 'ओडेला रेलवे स्टेशन' की दूसरी किस्त है, जो बॉक्स ऑफिस सुपरहिट साबित हुई थी। 'ओडेला 2' के निर्देशन की कमान अशोक तेजा ने संभाली है। फिल्म की कहानी संपत नंदी ने लिखा है। फिल्म की तमन्ना की पहली झलक भी सामने आ गई है। यह फिल्म तेलुगु भाषा में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# अभिनेता विकास सेठी का निधन

छोटे पर्दे के जाने-माने अभिनेता विकास सेठी का आज यानी 8 सितंबर को निधन हो गया है। महज 48 साल की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली। एक रिपोर्ट के अनुसार, विकास का निधन दिल का दौरा पड़ने से हुआ है। कहा जा रहा है कि उनकी मौत दिल का दौरा पड़ने से नींद में हो गई। विकास के परिवार में उनकी पत्नी जाह्नवी सेठी और जुड़वां बेटे हैं।



### इन फिल्मों में नजर आ चुके हैं विकास

विकास को टीवी शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' के जरिए दर्शकों के बीच लोकप्रियता हासिल हुई थी। वह अपनी पत्नी के साथ रियलिटी शो 'नच बलिए' के तीसरे में भी नजर आए थे। विकास ने करीना कपूर के साथ फिल्म 'कभी खुशी कभी गम' में भी काम किया था। इस फिल्म में उन्होंने करीना के दोस्त रॉबी की भूमिका निभाई थी। विकास ने अर्जुन रामपाल और दीया मिर्जा की फिल्म 'दीवानापन' (2001) में भी अभिनय किया है।

न्यूज़ ब्रीफ

## देश में मिला पहला एमपॉक्स का संदिग्ध केस, मरीज आइसोलेट

**नई दिल्ली।** देश में पहला एमपॉक्स (मंकीपॉक्स) का संदिग्ध मामला सामने आया है। मरीज एक युवक है, जिसने हाल ही में एमपॉक्स से जूझ रहे देश से यात्रा की है। युवक को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसे आइसोलेशन में रखा गया है। मालूम हो कि डब्ल्यूएचओ ने एमपॉक्स को महामारी घोषित किया है और कई देशों में इसके बड़ी संख्या में मामले सामने आए हैं। भारत सरकार भी एमपॉक्स को लेकर कई दिनों से सतर्क है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि एमपॉक्स के संदिग्ध मरीज की हालत इस समय स्थिर है।

## रूस जाएंगे एनएसए अजीत डोभाल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल अगले सप्ताह रूस जाएंगे। वह मॉस्कों में ब्रिक्स एनएसए बैठक में भाग लेंगे। ब्रिक्स और ब्रिक्स प्लस उच्च स्तरीय सुरक्षा अधिकारियों की बैठक 10-12 सितंबर तक सेंट पीटर्सबर्ग में होगी। रूस में वर्ष 2024 के लिए ब्रिक्स सम्मेलन होगा। ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अमेरिका शामिल हैं। इसमें 2023 में नए सदस्य देश मिस्र, ईरान, यूएई, इथोपिया शामिल होंगे। बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध समेत तमाम मुद्दों पर सदस्य देशों के बीच चर्चा होगी।पीएम मोदी ने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद 8 और 9 जुलाई को अपना पहला मॉस्को दौरा किया था। पुतिन के साथ शिखर वार्ता में मोदी ने स्पष्ट संदेश देते हुए कहा था कि यूक्रेन संघर्ष का समाधान युद्ध के मैदान में संभव नहीं है और बम, बंदूक और गोलियों के बीच शांति वार्ता सफल नहीं हो सकती।

## बांग्लादेश की तरफ से घुसपैठ की कोशिश नाकाम

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रविवार को बताया कि सुबह असम पुलिस ने पांच बांग्लादेशी घुसपैठियों को वापस खदेड़ दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि असम पुलिस ने इस महीने बांग्लादेश से 15 घुसपैठियों को वापस उनके देश भेजा गया है। सीएम ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा किए पोस्ट में लिखा कि, 'अवैध बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ कड़ी निगरानी जारी है और असम पुलिस ने आज सुबह पांच अवैध घुसपैठियों को पकड़ा और वापस खदेड़ दिया।' मुख्यमंत्री ने बताया कि घुसपैठियों की पहचान मस्तबिस रहमान, अस्मा बीबी, अबानी सद्दार, लीमा सद्दार और सुमाया अख्तर के रूप में हुई है। सरमा ने पहले एक्स पर बताया कि पिछले सप्ताह दो दिनों में राज्य पुलिस ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की कोशिश करते हुए दस और बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा और वापस खदेड़ा।

## सीएम बीरेन सिंह के इस्तीफे की अटकलें

**इंफाल।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने राज्य में हिंसा की ताजा घटनाओं के बीच रविवार सुबह 20 से अधिक विधायकों के साथ राज्यपाल एल. आचार्य से मुलाकात की। दो दिनों में राज्यपाल से उनकी यह दूसरी मुलाकात है। अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री सुबह लगभग 11 बजे विधायकों के साथ राजभवन पहुंचे। राज्यपाल के साथ उनकी लगभग एक घंटे तक बैठक चली। हालांकि, इस बारे में ज्यादा ब्योरा नहीं मिल सका।

# कांग्रेस-आप के बीच गठबंधन पर लगी मुहर

## बाबरिया बोले- हमारी सभी शर्तें AAP ने स्वीकारी

**एजेंसी | चंडीगढ़**

हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन लगभग तय हो चुका है। दोनों पार्टियों के बीच सीट शेयरिंग का जो मसला था वो हल हो गया है। हालांकि, अभी आप या कांग्रेस की ओर से गठबंधन को लेकर कोई घोषणा नहीं की गई। ऐसा माना जा रहा है कि दोनों पार्टियां जल्द एक जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर गठबंधन का ऐलान कर सकती हैं।



### राहुल गांधी ने की गठबंधन की सिफारिश

बता दें कि हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच गठबंधन की सिफारिश राहुल गांधी ने की थी। राहुल गांधी के प्रस्ताव पर आम आदमी पार्टी ने भी स्वीकार किया। इसके बाद दोनों पार्टी के बीच गठबंधन को लेकर चर्चा शुरू हुई। आम आदमी पार्टी ने हरियाणा में 10 सीटों की मांग तो वहीं कांग्रेस ने आप को 4 सीट का ऑफर दिया।

### इतनी सीट पर बनी सहमति

गठबंधन को लेकर दोनों की पार्टियों के बीच दो बार मीटिंग भी हुई, लेकिन कोई बात नहीं बनी। इसके बाद तीसरी मीटिंग में कांग्रेस ने आप को एक सीट और यानी 4+1 (5) सीट का ऑफर दिया। इनमें 4 सीट वह हैं, जिनमें लोकसभा चुनाव में आम आदमी का प्रदर्शन अच्छा रहा था। इनके अलावा आप को एक और सीट दी गई है।



### AAP को अच्छी संख्या में सीटें दी जा रही हैं- बाबरिया

वहीं, दीपक बाबरिया ने गठबंधन को लेकर कहा कि ऐसा लग रहा है कि आम आदमी पार्टी ने हमारी बातें मान ली हैं। इस पर जल्द फैसला हो जाएगा। आम आदमी पार्टी को अच्छी संख्या में सीटें दी जा रही हैं।

### हरियाणा में कांग्रेस-आप के बीच गठबंधन तय

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी को पांच सीट का ऑफर दिया है, जिसे AAP ने स्वीकार कर लिया है। हालांकि, गठबंधन को लेकर दोनों पार्टियों की तरफ से कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया। आप और कांग्रेस के बीच गठबंधन को अंतिम रूप देने का काम किया जा रहा है। ऐसे में माना जा रहा है कि 9 सितंबर को दोनों पार्टी एक जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका ऐलान कर सकती है।

### उम्मीद पर दुनिया कायम- राघव चड्ढा



राघव चड्ढा ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि जल्द ही गठबंधन को अंतिम रूप दे दिया जाएगा। इसको लेकर कांग्रेस के साथ बातचीत चल रही है। उम्मीद पर दुनिया कायम है।

# मणिपुर में फिर भड़की हिंसा

## सुरक्षाबलों के हथियार लूटने की कोशिश, सेना को उतारना पड़ा हेलीकॉप्टर

**एजेंसी | इंफाल**

मणिपुर में एक बार फिर हिंसा की घटनाएं देखने को मिल रही है। बीते दिन जिरीबाम जिलें में पांच लोगों की हिंसा में मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति की सोते समय हत्या कर दी गई। इस बीच पुलिस ने बताया कि कुछ बदमाशों ने इंफाल पूर्वी जिले में मणिपुर राइफल्स की दो बटालियनों के शस्त्रागार से हथियार लूटने की कोशिश की, लेकिन सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले और खाली राउंड फायर करके भीड़ को तितर-बितर कर दिया।



### पुलिस के हथियार लूटने की कोशिश

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार देर शाम कुछ बदमाशों ने 7वीं और 2वीं मणिपुर राइफल्स बटालियन से हथियार लूटने का प्रयास किया, लेकिन संयुक्त सुरक्षा बलों ने भीड़ को सफलतापूर्वक तितर-बितर कर दिया।

### हिंसा में दो पुलिसकर्मी घायल

बाद में, जब सुरक्षा दल खाबेइसोई में स्थापित 7वीं बटालियन से लौट रहा था, तो बदमाशों ने उन पर गोलीबारी की, जिसमें दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। इसमें कहा गया है कि वरिष्ठ अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रण में लाया। पुलिस एक बार फिर सभी से अपील कर रही है कि वे कानून को अपने हाथ में न लें। इस तरह के दुस्साहस में लिप्त बदमाशों से सख्ती से निपटा जाएगा और उन्हें गंभीर कानूनी परिणाम भुगतने होंगे।

### निगरानी के लिए सैन्य हेलीकॉप्टर तैनात

इस बीच हिंसा की घटनाओं के चलते हवाई गश्त करने के लिए एक सैन्य हेलीकॉप्टर को भी तैनात कर दिया गया है और उग्रवादियों के ड्रोन को मार गिराने के लिए एंटी ड्रोन प्रणाली तैनात की गई है।

### लूटे गए हथियार और गोला-बारूद बरामद

बता दें कि पिछले साल मई में मणिपुर में जातीय हिंसा भड़कने के बाद, हिंसक भीड़ ने मणिपुर पुलिस के शस्त्रागार और जिलों में अन्य सुरक्षा चौकियों से 4000 से अधिक अत्याधुनिक हथियार और लाखों गोला-बारूद लूट लिए थे। सुरक्षा बलों ने बाद में बड़ी संख्या में लूटे गए हथियार और गोला-बारूद बरामद किए।

# हवा की दशा सुधारने में सूरत जबलपुर व आगरा सबसे आगे

नई दिल्ली। वायु प्रदूषण से घिरे 133 शहरों की हवा को साफ बनाने के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। हवा की दशा सुधारने में बड़े शहरों में सूरत, जबलपुर और आगरा सबसे आगे हैं। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 में दस लाख से अधिक आबादी वाले 47 शहरों में सूरत ने पहला स्थान पाया है तो जबलपुर और आगरा क्रमशः दूसरे व तीसरे पायदान पर हैं। 2023 में इस श्रेणी में इंदौर शीर्ष पर था, इस बार वह सातवें स्थान पर आ गया है।



### नालगोंड़ा और नालागढ़ की हवा सबसे साफ

सर्वेक्षण में तीन से दस लाख तक की आबादी वाले 43 शहरों में शीर्ष पर क्रमशः फिरोजाबाद, अमरावती और झांसी ने जगह बनाई है। सर्वेक्षण की तीन लाख से कम आबादी वाले 40 शहरों में शीर्ष पर क्रमशः रायबरेली, नालगोंड़ा और नालागढ़ की हवा सबसे साफ पाई गई है। खास बात यह है स्वच्छ वायु सर्वेक्षण में पिछले साल आगरा दूसरे नंबर पर था।वन एवं पर्यावरण मंत्रालय की ओर से वायु प्रदूषण से घिरे 133 शहरों की हवा को साफ बनाने के लिए चलाए जा रहे राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के तहत इन शहरों में वायु गुणवत्ता में सुधार को परखा जाता है।

### भूपेंद्र यादव ने जारी की रिपोर्ट

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने शनिवार को जयपुर मे आयोजित एक कार्यक्रम में यह स्वच्छ वायु सर्वेक्षण 2024 की यह रिपोर्ट जारी की। इस दौरान सर्वेक्षण में सभी श्रेणियों में शीर्ष तीन स्थानों में शामिल शहरों को पुरस्कृत भी किया गया। दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की सूची में पहले स्थान पर शामिल सूरत को इस दौरान डेढ़ लाख का पुरस्कार दिया गया, जबकि जबलपुर को एक लाख और आगरा को पचास हजार रुपए दिए गए। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की देखरेख में राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम में शामिल इन शहरों की वायु गुणवत्ता की स्थिति को जांचा गया। साथ ही इस दिशा में उठाए कदमों के आधार पर उनकी रैंकिंग की गई।

# मणिपुर में रॉकेट हमलों के बाद बढ़ाई गई सुरक्षा

## इंफाल घाटी में ड्रोन कर रहे निगरानी

**एजेंसी | इंफाल**

मणिपुर में रॉकेट हमलों के बाद रविवार को सुरक्षा बढ़ा दी गई। इंफाल घाटी की निगरानी के लिए ड्रोन तैनात किए गए हैं। हालांकि अधिकारियों का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है। रविवार को अब तक हिंसा का कोई मामला सामने आया है। जबकि सुरक्षा बल लगातार इंफाल घाटी में नजर रख रहे हैं। वहीं असम राइफल्स ने सीमांत क्षेत्रों की निगरानी के लिए ड्रोन तैनात किए हैं। वहीं सीआरपीएफ ने राज्य पुलिस को ड्रोन सौंपा है। बीते रविवार को इंफाल पश्चिम जिले के कतुक गांव में ड्रोन से हमले किए गए थे। इसमें दो लोगों की मौत हो गई। जबकि नौ लोग घायल हो गए। इसके



अगले दिन सेनजाम चिरांग में ड्रोन से हमला किया गया। इसमें तीन लोग घायल हो गए। इसके बाद शनिवार को जिरिबाम जिले में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि एक व्यक्ति को सोते हुए गोली मारी गई। वहीं चार अन्य लोग आपसी गोलीबारी में मारे गए।

# फेस्टिव सीजन में आ सकती है 20 कोच वाली वंदे भारत

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे अब 20 कोच की वंदे भारत ट्रेन ला सकता है। दावा किया जा रहा है कि यह ट्रेनें दिल्ली से कुछ खास रूट्स पर चलाई जाएंगी। जानकारी के मुताबिक बढ़ती भीड़ और फेस्टिवल सीजन को देखते हुए यह इंतजाम किया जा रहा है। गौरतलब है कि भारत में वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों का क्रेज बढ़ता जा रहा है। अपनी रफ्तार और सुविधाओं के चलते यह ट्रेन लोगों की पसंदीदा बनती जा रही है। हालांकि बढ़ती डिमांड के चलते इसके टिकट की शॉर्टेज भी होने लगी है। फिलहाल वंदे भारत ट्रेन आठ या 16 कोच के साथ चलती है। हालांकि यात्रियों की बढ़ती संख्या, खासतौर पर फेस्टिवल सीजन के दौरान भीड़ काफी ज्यादा बढ़ जाती है। ऐसे में लोगों को कन्फर्म टिकट हासिल करने में मुश्किल होती है।



### नॉर्दर्न रेलवे रूट्स पर चलेंगी ट्रेन

दावा किया जा रहा है कि 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन नॉर्दर्न रेलवे रूट्स पर चलेंगी। जिन रूट्स पर इसके चलने की संभावना हैं उनमें, नई दिल्ली-वाराणसी (दो ट्रेन), नई दिल्ली-श्री माता वैष्णों देवी कटरा (दो ट्रेन), नई दिल्ली-अंब अंदूरा (हिमाचल प्रदेश), हजरत निजामुद्दीन-रानी कमलापति, नई दिल्ली-अजमेर, नई दिल्ली-देहरादून, हजरत निजामुद्दीन-खजुराहो, पुरानी दिल्ली-अमृतसर रूट हो सकते हैं। इन ट्रेनों की रफ्तार 130 किमी प्रति घंटे की रह सकती है। गौरतलब है कि अगस्त में 20 कोच वाली वंदे भारत ट्रेन का सफल ट्रायल हुआ है। यह ट्रायल मुंबई-अहमदाबाद रूट पर हुआ था।

# अमित शाह नेशनल कॉन्फ्रेंस से डरते हैं: फारुक अब्दुल्ला

**एजेंसी | श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव के बीच पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला ने अमित शाह पर निशाना साधा है। अब्दुल्ला ने कहा- शाह कहते हैं कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस सत्ता में आई तो आतंकवाद फिर से शुरू हो जाएगा। मैं उनसे पूछता हूं कि जब उन्होंने अनुच्छेद 370 को खत्म किया तो क्या आतंकवाद खत्म हो गया? अब्दुल्ला ने कहा कि अमित शाह नेशनल कॉन्फ्रेंस से डरते हैं, इसलिए वे हर तरह से नेशनल कॉन्फ्रेंस को बदनाम करने की कोशिश करते हैं, लेकिन हम जीतेंगे। मैं उनसे बस इतना कहना चाहता हूं कि हम उस भारत के खिलाफ हैं, जो वे बनाना चाहते हैं। भारत सबका है, हिंदू, मुस्लिम, सिख, बौद्ध, ईसाई सबका है। उन्होंने कहा कि हम घुसपैठिए नहीं हैं, हम मंगलसूत्र नहीं छीनने जा रहे, जो वे मुसलमानों पर



उंगली उठा रहे हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि मुसलमानों ने भी देश की आजादी के लिए अपनी जान कुर्बान की है। वे केवल हिंदुओं को डराने की कोशिश करते हैं, लेकिन अब हिंदू वह हिंदू नहीं हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने 6 सितंबर को भाजपा का संकल्प पत्र जारी किया था। 7 सितंबर को उन्होंने जम्मू के पलौरा में जनसभा की। शाह ने कहा- जम्मू-कश्मीर में अफवाह है कि नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार बनाने जा रही है। मैं बहुत छोटी उम्र से चुनावी आंकड़े सीख रहा हूं और मैं आपको यह बता रहा हूं कि जम्मू-कश्मीर में कांग्रेस और फारूक अब्दुल्ला की सरकार कभी नहीं बन सकती।

**अंकुश** मेडिकल उपकरण बनाने वाली कंपनियों की मनमानी पर सरकार ने लगाई रोक

# अब डॉक्टरों को विदेश यात्रा नहीं करा सकेंगी कंपनियां

**एजेंसी | नई दिल्ली**

मेडिकल उपकरण बनाने वाली कंपनियां अब डॉक्टरों को विदेश यात्रा नहीं करा सकेंगी। सरकार ने मेडिकल उपकरण सेक्टर के लिए नियम अधिसूचित किए हैं। सरकार ने अनैतिक चलन पर अंकुश लगाने के मकसद से ये कदम उठाया है। असल में मेडिकल उपकरण बनाने वाली कई कंपनियां डॉक्टरों के लिए विदेश में कार्यशालाएं आयोजित कराती हैं, उनके खाने-पीने से लेकर ठहरने तक का प्रबंध करती हैं। यही नहीं, वहां घूमने-फिरने का खर्च भी उठाती हैं। उन्हें आर्थिक रूप से भी लाभान्वित करती हैं। बदले में ये कंपनियां चिकित्सकों से लाभ उठाती हैं।



### सरकार ने मेडिकल उपकरण के सैंपलों की मांग की

इसमें कहा गया है सभी संघों को चिकित्सा उपकरणों की मार्केटिंग के लिए एक नैतिकता समिति (ईसीएमपीएमडी) का गठन करना चाहिए। शिकायतों को अपनी वेबसाइटों पर अपलोड करना चाहिए, जिसे फार्मास्यूटिकल्स विभाग के यूसीपीएमपी पोर्टल से जोड़ा जाएगा। डीओपी ने चिकित्सा उपकरण फर्मो से मेडिकल उपकरण के सैंपलों के वितरण, सम्मेलनों, कार्यशालाओं, सेमिनारों आदि पर किए गए खर्चों का ब्योरा भी मांगा है। अधिसूचना में कहा गया है कि रेगुलेटरी अथार्टी द्वारा उत्पाद को मान्यता देने से पहले किसी चिकित्सा उपकरण को बढ़ावा नहीं दिया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि सुरक्षित या सुरक्षा शब्द का उपयोग बिना किसी योग्यता के नहीं किया जाना चाहिए और यह स्पष्ट रूप से दावा नहीं किया जाना चाहिए कि किसी चिकित्सा उपकरण का कोई प्रतिकूल परिणाम नहीं है।

### मरीजों पर बढ़ता है बोझ

चिकित्सक खर्चा उठाने वाली कंपनी के उपकरण मरीजों के लिए लिखते हैं या उनकी सिफारिश करते हैं। कंपनियां इन उपकरणों के लिए मोटी रकम वसूलती हैं और अंततः बोझ मरीज और उसके परिजनों पर ही पड़ता है। अधिसूचना में फार्मास्यूटिकल्स विभाग (डीओपी) ने मेडिकल डिवाइस एसोसिएशन यानी चिकित्सा उपकरण संघ से स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों के लिए विदेश में कार्यशालाओं के आयोजन, उन्हें होटल में ठहरने या आर्थिक अनुदान की पेशकश करने पर रोक लगाने को कहा है।

### डॉक्टरों को नहीं दिया जाना चाहिए उपहार

इसके अलावा किसी भी चिकित्सा उपकरण कंपनी या उसके एजेंट द्वारा किसी भी डाक्टर या उसके परिवार के सदस्य को व्यक्तिगत लाभ के लिए कोई उपहार नहीं दिया जाना चाहिए। इसमें कहा गया है कि कंपनियों या उनके प्रतिनिधियों या उनकी ओर से काम करने वाले किसी भी व्यक्ति को डाक्टरों या उनके परिवार के सदस्यों को सम्मेलनों, सेमिनारों या कार्यशालाओं आदि में भाग लेने के लिए देश के अंदर या बाहर यात्रा की सुविधा नहीं प्रदान करनी चाहिए।

# जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे' गीत गाने वाले कन्हैया मित्तल कांग्रेस करेंगे ज्वाइन

**एजेंसी | चंडीगढ़**

राम मंदिर को लेकर शानदार गाना 'जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे' गाने वाले कन्हैया मित्तल जल्द ही कांग्रेस से में शामिल होने जा रहे हैं। इस बात का उन्होंने खुलकर संकेत दिया है। मित्तल ने कहा, कांग्रेस से मेरा दिल जुड़ा हुआ है। मेरी हरियाणा में काम करने की इच्छा है अगर बात बनती है तो हरियाणा में मैं कांग्रेस के साथ काम करना चाहूंगा। मित्तल ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि कांग्रेस के लिए हमेशा मेरे दिल में सॉफ्ट कॉर्नर रहा है। मेरे मन में कांग्रेस बसती है। साथ ही उन्होंने बीजेपी का जिक्र करते हुए कहा, बीजेपी ने फैलाया कि मैं उनके के लिए गाना गाता हूं। बीजेपी ने मेरे गाने को इस्तेमाल किया जिससे मुझे बहुत दिक्कतें सहनी पड़ी। उन्होंने आगे कहा, आने वाले समय में क्लियर हो जाएगा सब कुछ, फिलहाल मेरे मन में कांग्रेस है।



### बीजेपी को लग सकता है झटका

बीजेपी को हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच झटका लगता हुआ दिखाई दे रहा है। "जो राम को लाए हैं" चर्चित गाने के सिंगर ने बीजेपी को झटका दे दिया है। गायक कन्हैया मित्तल ने कहा, मेरा मन कांग्रेस के साथ जुड़ रहा है। साथ ही उन्होंने कहा, मेरी हरियाणा में काम करने की इच्छा है अगर बात बनती है हरियाणा में तो मैं कांग्रेस के साथ काम करना चाहूंगा। कन्हैया मित्तल का रुझान कांग्रेस को ओर दिखा रहा है। उन्होंने कहा, सारे राम विरोधी कांग्रेस में नहीं है, ऐसे में कांग्रेस के साथ काम करना मेरी इच्छा है।